

आरएलडी नेता जयंत चौधरी राजस्थान में बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 102 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"जो लोग बुद्धि को छोड़कर भावनाओं में बह जाते हैं, उन्हें हर कोई मूर्ख बना सकता हैं। -भागवद् गीता"

### मन की बात



"जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है। -स्वामी विवेकानंद"

# धारा 370 हटने से कांग्रेस दुखीः मोदी

= जिन्होंने बाबासाहेब आम्बेडकर को अपमानित किया, उनसे सावधान रहें, वे संविधान बदलने का झूठ फैला रहे'

**चुनावी सरगर्मी**

8 कांग्रेस दलित और पिछड़ा विरोधी रही है और इसीलिए उसने डॉ. आम्बेडकर को सदैव अपमानित किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की रविवार को 133वीं जयंती है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले से ही एक माहौल बना दिया है। शुक्रवार को बाडमेर की सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. आम्बेडकर को भारत रत्न न देने के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से दलित और पिछड़ा विरोधी रही है और इसीलिए उसने डॉ. आम्बेडकर को सदैव अपमानित किया और उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया। भाजपा के वरिष्ठतम नेता और प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जब भी चुनाव आता है - संविधान के नाम पर झूठ बोलना इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों के लिए फैशन बन गया है। कांग्रेस ने बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को जानबूझ कर चुनाव हरवाया, उन्हें भारतरत्न नहीं मिलने दिया। कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की आज वे लोग मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ का सहारा ले रही है। यह मोदी ही है जिसने पहली बार देश में संविधान दिवस मानना शुरू किया, बाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों का विकास किया है। इसलिए बाबासाहेब और संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस और उनके इंडी गठबंधन से सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस को सजा देने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी देश की सुरक्षा के मुद्दे पर भी लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। वे कहते हैं कि कांग्रेस के लोग देश के सीमावर्ती गांवों को देश के आखिरी गांव कहते थे, हम उन्हें पहला गांव मानते हैं। देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण इन गांवों को कांग्रेस ने जानबूझकर विकास से वंचित रखते थे और कहते थे कि अगर इन क्षेत्रों का विकास होगा तो देश पर दुश्मन के हमले की आशंका बढ़ जाएगी। कांग्रेस को अपने इस तर्क पर शर्म आनी चाहिए।

## सत्ता में आने पर एक झटके में देश से गरीबी मिटा देंगेः राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुरः** कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर हमारी सरकार आई तो महालक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। जिसके जरिये देश से एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। उन्होंने कहा कि हम संविधान बचाने की लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ संविधान व लोकतंत्र खत्म करने की कोशिश की जा रही है। बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कवासी लखमा के समर्थन में बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महालक्ष्मी योजना में हर परिवार से एक महिला को चुनेंगे, इसमें करोड़ों महिलाएं चुनी जाएंगी। इसके बाद हर महीने उनके बैंक खाते में साढ़े 08 हजार रुपए डाले जाएंगे।

## आप आज मनाएगी संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस



**प्रदर्शन**

8 कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने बताया कि देश के 24 राज्यों की राजधानी में यह आयोजन किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जेल से संदेश भेज कर बाबा साहब की जयंती 14 अक्टूबर को देश में संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस मनाने का आह्वान किया है। कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को बताया कि देश के 24 राज्यों की राजधानी में यह आयोजन किया जाएगा। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर सुबह 11 बजे सभी मंत्री, विधायक, पदाधिकारी एकत्र होंगे और बाबा साहब के संविधान की मूल भावना प्रस्तावना को एक साथ पढ़कर शपथ लेंगे। गोपाल राय ने कहा कि जेल से सीएम केजरीवाल ने भेजे अपने संदेश में कहा था कि संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए वह भाजपा के हर अत्याचार को बर्दाश्त कर लेंगे। अब वक्त आ गया है, जब देशभर के लोग एक होकर संवैधानिक मूल्यों पर हमला कर रही भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल कर दें।

राय ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के संदेश के मुताबिक पार्टी ने ये निर्णय लिया था कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर पूरी पार्टी देशभर में संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस मनाएगी।

## निधि खरे ने दालों की उपलब्धता की समीक्षा की

**नई दिल्लीः** चुनावी सीजन में दालों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने कमर कस ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इसको लेकर कई पक्षों के साथ बैठकें की। बैठक में दालों के भंडार और उपलब्धता का जायजा लिया गया है। उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दाल उद्योग के हितधारकों के साथ बैठकें की हैं। निधि खरे ने म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों पर यांगून में भारतीय मिशन के साथ भी बैठक की है। मंत्रालय के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के सचिव ने 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक म्यांमार से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को और आसान तथा सरल बनाया गया है।

## मोदी सरकार ने कारखानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दियाः प्रियंका

**साधा निशाना**

8 जो रोजगार के अवसर थे, वह उनके खास उद्योगपतियों के पास चले गएः प्रियंका गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को हरिद्वार के रुड़की में मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने कारखानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिया है। जो रोजगार के अवसर थे, वह उनके खास उद्योगपतियों के पास चले गए। छोटे और मध्यम रोजगारों पर नोटबंदी थोप दी गई। लोगों को लाइनों में खड़ा किया गया। वे आज तक नहीं बता पाए कि काला धन कहां है? कांग्रेस की महासचिव प्रियंका आज रुड़की के केएलडीएवी कालेज के मैदान पर कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र रावत के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि जब काम का समय होता है तो हिसाब लेने का भी समय होता है। यह हम सभी को समझना चाहिए। देश को बनाने वाले आप लोग हैं, जिसे आप चुनने वाले हैं ,उसे सोच समझ कर चुनिए। यह चुनाव आपका भविष्य तय करने जा रहा है। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इसम सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रियंका ने कहा कि आप अपने मुद्दों को सर्वोपरि रखें। उन्होंने जनता से पूछा कि आज का सबसे बड़ा मुद्दा क्या है? बेरोजगारी का या महंगाई। प्रियंका ने कहा कि आज देश में सबसे ज्यादा महंगाई की मार है। नोटबंदी का नुकसान देश के लोगों को झेलना पड़ा। छोटे रोजगार करने वाले दुकानदारों को खत्म कर दिया गया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनकी नीति रोजगार घटाने वाली है। वे आज तक कोई नीति नहीं दे पाए कि रोजगार कैसे बढ़ाएंगे। कांग्रेस की सरकार जिन प्रदेशों में आई हमने गारंटी दी। वहां पर सरकारी पदों पर नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव में हमने कुछ ऐसी घोषणा की हैं, जिन्हें हम पूरी करके दिखाएंगे। इसीलिए हमने इसे गारंटी का नाम दिया है। हमने जिन प्रदेशों में सरकार बनाई है, उससे पहले हमने गारंटी दी थी उन जगहों पर हमने गारंटी के साथ प्रदेशों में ओपीएस लागू करना शुरू कर दिया है।

## एनआईए ने दो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर वाहन विस्फोट मामले में शामिल मुख्य दो आरोपितों मोहम्मद नूर हसन उर्फ तोंबा उर्फ नुर हसन और सेमिनलुन गैंगटे उर्फ मिनलुन के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, यूएपीए, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

## मोदी आज बीजेपी का संकल्प पत्र जारी करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (14 अप्रैल) को दिल्ली स्थित भाजपा हेडक्वार्टर में पार्टी का संकल्प पत्र जारी करेंगे। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी मेनिफेस्टो के लिए 25 जनवरी 2024 को जनता से सुझाव मांगे थे। पार्टी को अब तक 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नमो ऐप के माध्यम से 4 लाख और वीडियो के माध्यम से 11 लाख सुझाव मिले हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा का घोषणापत्र विकास, समृद्ध भारत, महिलाओं, युवाओं, गरीबों और किसानों पर केंद्रित होगा। साथ ही पार्टी केवल वहीं वादे करेगी, जो पूरे टाइमलाइन में पूरे हो सकें।

घोषणा पत्र का विषय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर फोकस के साथ "मोदी की गारंटीः विकसित भारत 2047" होगा।

**कांग्रेस ने 5 अप्रैल को जारी किया था अपना मेनिफेस्टोः** इससे पहले कांग्रेस ने 5 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया था। उन्होंने इसे न्याय पत्र नाम दिया।





## सुकमाः छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**टीम एक्शन इंडिया**

**सुकमाः** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पूना नर्कोम अभियान-नई सुबह, नई शुरूआत के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से नक्सली संगठन में सक्रिय दो हार्डकोर महिला नक्सली सहित कुल छह नक्सलियों ने शनिवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में आत्मसमर्पण किया है। इस मौके पर अभिनय एक्का, उप पुलिस अधीक्षक व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

आत्मसमर्पित नक्सलियों में महिला तेलाम गीता पति रामबाबू (किस्टाराम एरिया कमेटी केएएमएस सदस्य, इनामी दो लाख) निवासी धमापेंटा थाना किस्टाराम, महिला मुचाकी सोमे पिता हुंगा उम्र (जन मिलिशिया कमाण्डर इनामी एक लाख), निवासी पिड़मेल बड़ापारा थाना चिंतागुफा, नुप्पो हुंगा पिता मंगड़ू (डीएकेएमएस सदस्य) निवासी नागाराम टेटेपारा थाना चिंतलनार, पोड़ियाम हुंगा पिता स्व. देवा (नागाराम पंचायत मिलिशिया सदस्य) निवासी नागाराम ताड़पारा थाना चिंतलनार, माड़वी मासा पिता स्व. आयता (नागाराम पंचायत सीएनएम सदस्य) निवासी नागाराम नीचेपारा थाना चिंतलनार एवं कवासी चिंगा उर्फ सिंगा पिता स्व. देवा (नागाराम पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष) निवासी नागाराम पेरमापारा थाना चिंतलनार शामिल हैं।

## बोर्नविटा को 'हेल्थ ड्रिंक' श्रेणी से हटाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सरकार ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटाने को कहा है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की रिपोर्ट के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह निर्देश जारी किए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा गया है कि वे अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटा दें।

**मांगा आशीर्वाद** 'हिमाचल की बेटी कंगना आपके सामने हैं, जो भी आएगा उससे हम आपके आशीर्वाद से पूरी ताकत साथ लड़ेंगे'

## कंगना को देवभूमि की जनता का आशीर्वादः जयराम



**टीम एक्शन इंडिया**

**मंडीः** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत को देवभूमि की जनता का आशीर्वाद है और उन्हें रिकार्ड वोटों से जीताकर दिल्ली भेजा जाएगा। जयराम ठाकुर ने शनिवार को मंडी संसदीय क्षेत्र के जोगिंद्रनगर में एक जनसभा में कहा कि कांग्रेस के हाल इस समय खराब है। कोई चुनाव के लिए आगे नहीं आना चाह रहा है हर कोई दूसरे पर धकेल रहा है। हम आपके सामने हैं, हिमाचल की बेटी कंगना आपके सामने हैं, जो भी आएगा उससे हम आपके आशीर्वाद से पूरी ताकत साथ लड़ेंगे और जीतेंगे। इस समय सरकार भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में विकास के सारे काम ठप हैं। आज तक प्रदेश में ऐसी सरकार नहीं आई, जब डेढ़ साल में ही लोग सरकार से त्रस्त हो जाएं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस समय आम आदमी की सुरक्षा को भगवान भरोसे छोड़ दिया है प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। सरकार सिर्फ. अपने विधायकों की सुरक्षा और भाजपा नेताओं की जासूसी करवाने में व्यस्त है। कल कंगना रेस्टोरेंट चाय पीने चली गई उसके बाद सीआइडी भी वहाँ पहुँच गई। विधायकों की रात दिन रखवाली करवाई जा रही है कि कहीं कोई चला न जाए आखिर यह किस तरह हालत प्रदेश में पैदा हो गये हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस के हिमाचल की बेटी के ही खिलाफ हैं। पदाधिकारियों ने देवभूमि की बेटी और मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए अमर्यादित टिप्पणी की तो हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का कोई भी नेता कांग्रेस की नेत्री द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला।

# 75 फीसदी निजी स्कूलों में आग से बचाव के नहीं कोई इंतजाम

## सुरक्षा नीति को लेकर लगे विभाग पर आरोप, हिसार जिले में 109 निजी स्कूलों में किसी के पास फायर एनओसी नहीं



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मान्यता प्राप्त 75 प्रतिशत निजी स्कूलों में आग से बचाव के इंतजाम नहीं हैं। साल 2017 में शिक्षा विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर नीति बनाई थी, जिसे सात साल बाद भी लागू नहीं किया जा सका है। हिसार जिले में 109 निजी स्कूलों में किसी के पास फायर अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं है। जींद में 55 स्कूलों में सिर्फ 10 तो भिवानी में 103 स्कूलों में से सात ने ही फायर एनओसी ली है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) से मिली जानकारी को आधार बनाते हुए स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के संस्थापक सदस्य बृजपाल सिंह परमार ने अब इसकी शिकायत मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को भेजी है। उन्होंने बताया कि 2020 से लेकर 2023 तक हरियाणा दमकल एवं आपात कालीन सेवाएं विभाग से निजी स्कूलों को फायर संबंधी एनओसी लिए जाने की जानकारी मांगी थी। हिसार जिले में 109 स्कूलों के संबंध में सूचना मांगी थी, जिसमें इस अवधि में एक भी स्कूल ने कोई फायर एनओसी नहीं ली।

**भिवानी में 2020 में किसी स्कूल ने नहीं ली एनओसी:** जींद जिले में 55 निजी स्कूलों में से 2020 से लेकर 2023 तक सिर्फ 10 निजी स्कूलों ने ही दमकल विभाग से फायर एनओसी ली है। इसी तरह भिवानी जिले में 103 निजी स्कूलों के संबंध में ये जानकारी मांगी थी, जिनमें से वर्ष 2020 में किसी स्कूल ने एनओसी नहीं ली, जबकि 2021 और 2022 में आठ-आठ निजी स्कूलों ने ही एनओसी ली थी। इसी तरह 2023 में भिवानी के सिर्फ दो निजी स्कूलों को ही दमकल विभाग ने फायर एनओसी जारी की है। बृजपाल सिंह परमार ने कहा कि 2020 में बच्चों की सुरक्षा से जुडे मामले को लेकर सीएम विंडो में भी शिकायत दी थी। इस शिकायत पर शिक्षा निदेशालय कुंडली जमाकर बैठा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ निजी स्कूलों ने अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी फायर एनओसी लगाकर भी मान्यता हासिल की है। ऐसे ही एक मामले में भिवानी जिले के एक निजी स्कूल के खिलाफ उनकी शिकायत पर जूई कलां पुलिस थाना में धोखाधड़ी का केस भी दर्ज हो चुका है। आरटीआई में दमकल विभाग से 2014 से अब तक यह भी जानकारी मांगी थी कि भिवानी जिले में शिक्षा अकादमी, कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी ने फायर एनओसी ली है या नहीं।

**लापरवाही**

8 बच्चों के लिए बनाई गई सुरक्षा नीति को सात साल बाद भी शिक्षा विभाग लागू नहीं कर पाया

# दस सालों में जनता के विश्वास पर खरी उतरी मोदी सरकार: कृष्णपाल

**वोट की अपील**

8 मोदी ने जनता से जो भी वायदे किए, उन सभी वायदों को पूरा कर विश्वास पर खरा उतरने का काम किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने का काम किया है। वे शनिवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के ब्राह्मण बाहुल्य गांव जुन्हेड़ा में आयोजित स्वागत समारोह में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पीएम मोदी ने जनता से जो भी वायदे किए, उन सभी वायदों को पूरा कर जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम किया है। इसलिए आज हर वर्ग मोदी की नीतियों में अपनी आस्था जता रहा है और उन्हें तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए लामबंद हो चुका है। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से पृथला क्षेत्र विधायक नयनपाल रावत तथा वार्ड नंबर 9 के जिला पार्षद एडवोकेट अनिल पाराशर मौजूद थे। इस दौरान गांव की मौजिज सरदारी ने कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नयनपाल रावत सहित सभी अतिथियों को सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए दोनों हाथ उठाकर उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। कृष्णपाल गुर्जर ने लोगों से आह्वान किया कि अगर वह देश-प्रदेश का समुचित विकास चाहते है तो फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार लाने का काम करें, ताकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इस देश को और उन्नति की राह पर लेकर जा सके। इस मौके पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है।

# विपक्षी पार्टियों के भ्रष्ट नेता जेल में या बेल पर: कंवरपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** हरियाणा सरकार में कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर व अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने शनिवार को जगाधरी शहर में आयोजित जनसभाओं में आम जनता से जनसंपर्क किया। कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के बहुत से नेता भ्रष्टाचार के आरोप में या तो जेल में है या बेल पर हैं। विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के पास कोई भी मुद्दा नहीं है कि वह जनता के बीच जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है और विकास कार्यों की ही बात करती है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियां गरीबी हटाओ व जातपात के आधार पर लोगों को बांटने का काम करती है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर चलते हुए सभी को एक समान समझते हैं। उन्होंने कहा कि अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया पढ़ी-लिखी ईमानदार मेहनती महिला उम्मीदवार हैं। महिलाओं का मान सम्मान सही मायने में भाजपा ही करती है। उन्होंने कहा कि बंतो कटारिया को डाला गया एक-एक वोट प्रधानमंत्री मोदी को पड़ेगा।

**साधा निशाना**

8 विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के पास कोई भी मुद्दा नहीं है कि वह जनता के बीच जा सके


## शॉर्ट सर्किट से बिनौला मिल में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** जींद रोड़ स्थित मलिकपुरिया एंड सन्स खल व बिनौला मिल में शनिवार को आग लग गई। आग लगने से बिजली की 5 मशीनें, अन्य उपकरण व बिनौला का काफी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण सार्ट सर्किट बताया जा रहा है। मलिकपुरिया एंड सन्स के मालिक संजीव कुमार ने बताया कि उनके पास सुबह करीब साढ़े 10 बजे से उनके मुशी प्रदीप का फोन आया कि बाबू जी मिल में आग लग गई है। उन्होंने सबसे पहले से मिल में काम कर रहे कर्मचारियों को बाहर निकाला ताकि कोई जानी नुकसान न हो। इसके तुरंत बाद फायर बिग्रेड विभाग में आग बुझाने के लिए फोन किया गया।

# खाते में पैसे जमा होने का फर्जी मैसेज दिखाकर 1 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद:** बैंक खाते में पैसे जमा होने का फर्जी मैसेज भेजकर साइबर ठग द्वारा रतिया के एक व्यक्ति से एक लाख 60 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति ने इस बारे में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। अब शुक्रवार को साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कमाना निवासी गुरमेल सिंह ने कहा है कि उसका लडका रणपाल सिंह अपने ससुराल पंजाब के गांव ग्याणा गया हुआ था। उसके पास एक फोन आया। फोन करने वाला ने कहा कि वह उसका दोस्त नीरज टीए बोल रहा है। उसका लडका अस्पताल में दाखिल है और उसे पैसों की जरूरत है। फोन करने वाले ने रणपाल को कहा कि वह उसके खाते में पैसे डाल देता है और वह उसे गुगल पे कर दें क्योंकि उसके पास गुगल पे नहीं चल रहा। इस पर रणपाल ने कहा कि उसका कोई खाता नहीं है और रणपाल ने अपने पिता गुरमेल का नंबर दे दिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने गुरमेल सिंह को फोन किया और कहा कि वह उसके लडके का दोस्त बोल रहा है। वह उसके खाते में पैसे डाल रहा है और वह यह पैसे गुगल पे कर दे। इस पर विश्वास कर उसने अपना बैंक अकाऊंट नंबर बता दिया। इसके बाद उसके पास 1 लाख 60 हजार रुपये जमा होने का मैसेज आया। इसके बाद फोन करने वाले ने उसे गुगल पे नंबर दिया। इसके बाद उसने अपने रिश्तेदारों के माध्यम से उक्त व्यक्ति को 1 लाख 60 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब वह बैंक में पैसे निकलवाने के लिए गया और खाता चैक किया तो पता चला कि उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया हुआ था। इस पर उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला।

इस पर उसके बेटे ने जब नीरज को फोन किया तो उसने कहा कि न तो उसने कोई रुपये डाले हैं और न ही कोई कॉल की है। इस पर उसने इस बारे में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




**शिकायत**

8 पीड़ित व्यक्ति ने इस बारे में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई

# 'हिसार से पिछड़ा वर्ग ए को दी जाए टिकट'

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** कांग्रेस नेता एवं पिछड़ा वर्ग ए के वरिष्ठ नेता रामबिलास जांगड़ा ने कांग्रेस हाईकमान से मांग की है कि हिसार लोकसभा की टिकट पिछड़ा वर्ग ए को दी जाए। उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग ए के मतदाताओं की संख्या को देखते हुए इस सीट पर पिछड़ा वर्ग ए का हक बनता है। रामबिलास जांगड़ा ने शनिवार को मांग उठाते हुए कहा कि देश की उन्नति में पिछड़ा वर्ग ए की भूमिका अहम रहती है लेकिन टिकट वितरण के समय इस वर्ग की अनदेखी कर दी जाती है। ऐसे में हम समय रहते कांग्रेस हाईकमान से मांग करते हैं कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से पिछड़ा वर्ग ए को टिकट दी जाए ताकि यह समाज राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिचित कर सके। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी व पिछड़ा वर्ग विरोधी नीतियों की वजह से समाज में भारी रोष है और भाजपा ने टिकट वितरण में इस समाज की अनदेखी भी की है।

ऐसे में कांग्रेस हाईकमान को पिछड़ा वर्ग एक की मांग पर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

**मांग**

8 पिछड़ा वर्ग ए के मतदाताओं की संख्या को देखते हुए इस सीट पर पिछड़ा वर्ग ए का हक बनता है।

# हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से 9 साल की बच्ची की मौत

**हादसा**

8 जब 9 साल की बच्ची घर की छत पर खेल रही थी उस समय यह हादसा हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** प्योदा रोड गली नंबर-11 में घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से एक बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। जब 9 साल की बच्ची घर की छत पर खेल रही थी उस समय यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त ऐसा धमाकेदार ब्लास्ट हुआ कि आसपास के लोग भी घरों से बाहर निकल खड़े हो गए। जोरदार ब्लास्ट के साथ ही आसपास के दर्जनों घरों के बिजली के ऊपर चल गए। कालोनी निवासी सोमा ने बताया कि इस हादसे के समय उनके घर के पंखें व अन्य बिजली के उपकरण खराब हो गए। मकान के पास लगे मिस्त्रियों व लडकी के नाना रामनिवास ने बताया कि घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों ने छत पर खेल रही 9 वर्षीय नीतू को अपनी और खींच लिया। बिजली ने बच्ची को ऐसा पकड़ा कि बच्ची के परखचे उड़ गए और शरीर को राख हो गया। बच्ची नीतू की मां अपने तीन बच्चों के साथ प्यौदा रोड़ गली नंबर 11, शास्त्री नगर में रह रही थी। बताया जा रहा है कि महिला अपने तीनों के बच्चों के साथ तीन साल से पति से अलग किराया पर रह रही थी। कालोनी के लोगों ने बताया कि वे बीते रोज भी बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के पास गए थे और उन्हें मकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटाने का अनुरोध करके आए थे। विभाग उनकी एक नहीं सुन रहा है। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और फायर बिग्रेड विभाग की गाड़ी ने घर में लगी आग को बुझाया।

## हाई वोल्टेज तारों के नीचे मकान बनाना खतरनाक

**हाई** वोल्टेज तारों के नीचे कानून के अनुसार मकान नहीं बनाई जा सकते। फिर भी हर रोज हादसा होने के बावजूद लोगों ने सस्ती जमीन के चक्कर में वहां मकान बना रखे हैं। एचवीपीएनएल के एक्सईएन परमवीर का कहना है कि प्यौदा रोड से जो बिजली की हाई वोल्टेज तार जा रहे हैं। वह जींद रोड स्थित 132 केवी पावर हाउस की है। इन तार को हटाने के लिए अभी तक कोई ऐसा प्रावधान नहीं हुआ है। परंतु फिर भी यदि यहां के कॉलोनी निवासी उन्हें लिखित में कोई तार हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दें तो वे उसे आला अधिकारियों तक पहुंचा देंगे। इसके बाद इन तारों को हटाने के लिए आला अधिकारी की कुछ फैसला लेंगे

# सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की पालना के लिए डीसी ने लगाई धारा 144



**टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल:** जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने हरियाणा सरकार द्वारा जारी सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए शनिवार को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर सभी स्कूलों के प्रबंधन को विद्याथीर्यों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आदेश पारित किए हैं। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि छात्रों के सुरक्षित और सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा बसों और ड्राइवरों की उचित निगरानी नहीं की जाती है जिसके परिणामस्वरूप मानव जीवन, छात्रों की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है। विगत दिनों जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की एक स्कूल बस छात्रों को ले जाते समय उन्हाणी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके परिणामस्वरूप छह विधार्थियों की जान चली गई और कई घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक, जिला के सभी एसडीएम, सचिव, आरटीए, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला महेंद्रगढ़ के सभी खंड शिक्षा अधिकारी इन आदेशों का पालन करवाएंगे। इस आदेश का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 188 के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। यहां यह भी बता दें कि जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की स्कूल बस की दुर्घटना के संबंध में मामले की जांच करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। अब इस समिति का पुनर्गठन किया गया है।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने शनिवार को बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एसडीएम कनीना, उप पुलिस अधीक्षक कनीना व सिटी मजिस्ट्रेट की समिति गठित की है। यह समिति दुर्घटना में हुई छात्रों की मृत्यु व घायल हुए छात्रों के घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच करेगी।

**निगरानी**

8 सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन द्वारा बसों, ड्राइवरों की निगरानी नहीं की जाती है

# दुर्घटनाग्रस्त स्कूल बस के कारणों का पता लगाने के लिए किया कमेटी का पुनर्गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल:** जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने हरियाणा सरकार द्वारा जारी सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए शनिवार को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर सभी स्कूलों के प्रबंधन को विधार्थियों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आदेश पारित किए हैं। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि छात्रों के सुरक्षित और सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा बसों और ड्राइवरों की उचित निगरानी नहीं की जाती है जिसके परिणामस्वरूप मानव जीवन, छात्रों की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा होता है। विगत दिनों जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की एक स्कूल बस छात्रों को ले जाते समय उन्हाणी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके परिणामस्वरूप छह विधार्थियों की जान चली गई और कई घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक, जिला के सभी एसडीएम, सचिव, आरटीए, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला महेंद्रगढ़ के सभी खंड शिक्षा अधिकारी इन आदेशों का पालन करवाएंगे।

इस आदेश का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 188 के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। यहां यह भी बता दें कि जीएल पब्लिक स्कूल कनीना की स्कूल बस की दुर्घटना के संबंध में मामले की जांच करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी।

**आदेश पारित**

8 सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की पालना के लिए डीसी ने धारा 144 के आदेश पारित किए

# गुरुग्राम पुलिस ने 336 स्कूल बसों के काटे चालान, 20 को किया जब्त

**कार्रवाई**

8 यातायात नियमों व फिटनेस मापदंडों की अवहेलना करने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई




**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** महेंद्रगढ़ जिला के कनीना क्षेत्र में स्कूल बस हादसे के बाद प्रदेशभर में यातायात पुलिस ने स्कूल वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गुरुग्राम में 12-13 अप्रैल को पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज की देखरेख में स्कूल बसों की चेकिंग की गई। इस विशेष चालान चेकिंग अभियान में 3 यातायात सहायक पुलिस आयुक्तों, 5 यातायात निरीक्षकों और जोनल अधिकारियों सहित कुल 45 लोगों की 5 टीमें बनाकर उनको चिन्हित स्थानों पर तैनात किया गया। उनके द्वारा स्कूल बसों/वाहनों के वाहन से संबंधित कागजात चालक का ड्राईविंग लाईसेंस इत्यादि सहित सभी चालकों/परिचालकों की यूनिफॉर्म, मेडिकल फर्स्ट-एड किट, फायर रोकने वाला सिलेंडर आदि को भी चेक किया गया। इस चेकिंग चालान अभियान के दौरान मौजूद सभी बसों के चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा इस चेकिंग के दौरान यातायात नियमों व फिटनेस मापदंडों को पूर्ण ना करने वाले 336 स्कूल वाहनों बस/वैन के चालान किए गए तथा 20 वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गुरुग्राम पुलिस यातायात के सुगम, सुचारू व व्यवस्थित संचालन के लिए हर सम्भव प्रयास करती है। साथ ही वाहन चालकों/सडक यूजर्स विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो में जाकर स्टूडेंट्स/स्टॉफ/वाहन चालकों/परिचालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम/कैम्पेन चलाकर यातायात नियमों को पालना करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें जागरूक करती है। इसी तरह गुरुग्राम पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसने ले लिए भी विशेष अभियान चलाकर नियमानुसार कार्यवाही करती है। गुरुग्राम पुलिस की स्कूल/कॉलेज के छात्रों को लेकर जाने वाले वाहनों पर भी पैनी नजर रहती है और इन वाहनों की चेकिंग के लिए भी गुरुग्राम पुलिस द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाए जाते है।

# चुनावों को लेकर चेतन चौहान ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

## कांग्रेस का हाथ बदलेगा हालात, अब देश में मोदी के खिलाफ माहौल- चेतन

**मंथन**

**भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा तभी भ्रष्टाचार, महंगाई, काले कानूनों जैसी चीजों से बचा जा सकता है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चेतन चौहान ने कहा कि देश एवं प्रदेश की बिगड़ती स्थितियों को संभालने के लिए अब भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा तभी भ्रष्टाचार, महंगाई, काले कानूनों जैसी चीजों से बचा जा सकता है और इसके लिए जनता को अपने एक एक वोट का इस्तेमाल करना जरूरी है।

दरअसल कांग्रेस सचिव चेतन चौहान अपने कार्यालय में एक बड़ी वर्कर मीटिंग को संबोधित कर रहे थे जहां उन्होंने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि 2014 में पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली भाजपा सरकार झूठे वादे करके सत्ता में आई और आज तक अपने वादों को पूरा नही कर पाई। उन्होंने कहा कि आज देशभर में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। कांग्रेस सचिव ने अंबाला के सांसद एवं विधायक पर सवाल उठाते हुए पूछा कि जो वादे इन्होंने सत्ता में आने से पहले किये थे उनमें से आधे भी पूरे नहीं हों पाए ऐसे में वह कैसे जनता से वोट मांग सकते हैं?

चेतन चौहान ने आहवाहन किया कि कार्यकर्ता एक एक घर जाकर लोगों को मोदी के जूमले वादों की याद दिलाएं और बताएं कि इस बार वे किसी भी झांसे में ना आए तथा परिवर्तन के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि कांग्रेस ने जनता को अपना गारंटी पत्र दिया है और यदि जनता ने अपना आशीर्वाद दिया तो कांग्रेस सरकार बनने पर सभी गारंटियों को तुरंत पूरा किया जाएगा ना कि मोदी सरकार की तरह 10 - 10 साल तक लटकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में जल्द ही मेरा झंडा मेरा गौरव अभियान भी शुरू किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस सचिव चेतन चौहान ने जोगिंदर सिंह पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष लोकदल, राष्ट्रीय विद्यार्थी मंच प्रभारी, रोहित, नवीन वर्मा, समीर मेहता, मोहम्मद सलीम, राजेश, संजय कुमार, सतीश शर्मा, अक्षित, जगदीप, सरदार इकबाल सिंह को बीजेपी से कॉंग्रेस में शामिल कराया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद पवन अग्रवाल डिम्पी, विकी चौहान वाईस चेयरमैन एससी सेल हरियाणा, रविन्द्र रिंकू अध्यक्ष सेवा दल अंबाला शहर, बंटी धीमान सचिव हरियाणा युथ कांग्रेस, मुकेश शर्मा सचिव हरियाणा यूथ कांग्रेस, राजू पंडित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अन्य मौजूद रहे।

# गीता स्कूल में मनाया गया पूर्व छात्र मिलन समारोह

**एल्यूमिनी मीट**

**समालखा जौरासी रोड स्थित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एल्यूमिनी मीट मनाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**समालखा** जौरासी रोड स्थित गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एल्यूमिनी मीट मनाई गई। जिसमें 1999 से 2001 सत्र के पास हुए विद्यार्थियों ने 25 वर्ष बाद एक अनोखा भावुक दृश्य पेश किया।उन्होंने अपने सभी पूर्व अध्यापक जिन्होंने उन्हें दसवीं कक्षा व 12वीं में पढ़ाया था।उन सब को गीता स्कूल के प्रांगण में सम्मानित करने के लिए बुलाया और अपने पुराने रिश्तों को याद किया। उन्होंने अपनी कामयाबी के पीछे इस विद्यालय में अपने अध्यापकों का योगदान बताया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी सरकारी व गैरसरकारी विभागों में बहुत अच्छी स्थिति में कार्यरत हैं। यह सब विद्यालय व अध्यापकों के योगदान से ही संभव हो सका है। इनमें से कुछ विद्यार्थी दिल्ली, गुड़गांव व अन्य बड़े शहरों में अपने खुद के उद्योग चलकर असंख्य लोगों को काम दे रहे हैं।

उन्होंने अपने पुराने अध्यापकों को व स्कूल प्रबंधक राधे श्याम जांगड़ा को विशेष रूप से अपना भाग्य निमार्ता बताया अन्य अध्यापको जैसे अनीता धीमान, रमेश वत्स, जोगेंद्र आचार्य, कृष्ण लाल, अनिल धीमान, विजेंद्र शास्त्री, देवेंद्र सागवान व अजीत जांगड़ा के योगदान को अद्वितीय बताया। सभी विद्यार्थियों ने स्कूल हाल में एक भव्य आयोजन किया। स्कूल प्रबंधक कमेटी ने अपने सभी पुराने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। सभी अध्यापकों ने उनके सुखद भविष्य की कामना की पुरानी विद्यार्थियों में विशेष रूप से अनूप, प्रज्ञान, मुस्ताक, दीपक देशवाल, राजेश, शारदा देहरा, प्रीति, बिजेंदर, रेनू, राजेश, वरुण मित्तल इन सब ने मिलकर विद्यालय को उपहार स्वरूप वाटर कूलर भेंट किया व उपहार भेंट की। यह बहुत ही भावुक व आनंदित आयोजन विद्यालय में हुआ और इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी विद्यालय में होते रहेंगे ऐसा प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने घोषणा की और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आवारा पशुओं ने किया कॉलोनीवासियों का जीना मुहाल: गोपाल गोड

**शिविर**

**आवारा पशुओं के कारण आए दिन कॉलोनी में कोई ना कोई हादसा अवश्य होता रहता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** लक्ष्मण कॉलोनीवासियों ने चिंता जताई है कि लक्ष्मण कॉलोनी में रहने वाली जनता का आवारा पशुओं ने जीना मुहाल कर रखा है। आवारा पशुओं के कारण आए दिन कॉलोनी में कोई ना कोई हादसा अवश्य होता रहता है। पार्षद का चुनाव लड़ चुके समाजसेवी गोपाल गोड ने बताया कि आवारा पशु लक्ष्मण कॉलोनी में बेधड़क बिना किसी रोक-टोक के गलियों में घूम रहे हैं जिन्होंने लक्ष्मण कॉलोनी में रहने वाली जनता का जीना मुश्किल कर रखा है। उन्होंने कहा है कि आवारा पशुओं के कारण एवं उनके डर से कोई बच्चा या बुजुर्ग गली में घर से बाहर अकेला चलने की हिम्मत नहीं कर सकता। गोड ने बताया कि आवारा पशुओं की पकड़ धकड़ के लिए नगर पालिका प्रशासन केवल मात्र दिखावा करता है, वह कभी कभार समाचार पत्रों में आवारा पशुओं को पकाने का समाचार छपवाकर इति श्री कर देते हैं लेकिन आवारा पशुओं को पकड़ कर किसी बाड़े में बंद नहीं करते जो की प्रशासन की कार्य शैली अति निंदनीय है। लक्ष्मण कॉलोनी की जनता ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि आवारा पशुओं को शीघ्र पकड़ा जाए ताकि लक्ष्मण कॉलोनी के निवासियों को पशुओं से निजात मिल सके। समाजसेवी गोपाल गोड ने कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने शीघ्र आवारा पशु को पकड़कर गौशाला में बंद नहीं किया तो लक्ष्मण कॉलोनी की जनता अन्य शहरवासियों के साथ मिलकर प्रशासन के विरुद्ध जोरदार संघर्ष चलाएगी।

# शराबी ओर नशा करने वालों की पुलिस ने की काउंसलिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल।** अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों की रोकथाम, नशा कर अपराध करने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण, नशा करने वालों पर अंकुश लगाने और लत को दूर करने के उद्देश्य से महेंद्रगढ़ पुलिस ने पुलिस लाइन नारनौल में सभी थाना क्षेत्रों के शराब पीकर पत्नी के साथ झगड़ा करने वालों की काउंसिलिंग की गई। इस दौरान उन्हें शराब का सेवन नहीं करने की शपथ दिलवाई गई। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने शराब का सेवन कर पत्नी से झगड़ा करने वालों से बात कर शराब का सेवन करने का कारण पूछा और उन्हें शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे भी बताया। इस दौरान डीएसपी हरदीप सिंह भी मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि जो लोग नशा करते हैं, उनकी काउंसलिंग कर उन्हें नशे से होने वाले नुकसान से जागरूक किया जा रहा है।

# कलश यात्रा से खेड़ा मानस नवधा पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** श्री कबीर आश्रम मोतीनगर स्थित नगर खेड़ा स्थापना तिथि पर आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज जी की अध्यक्षता मे आयोजित नव दिवसीय मानस पाठ पारायण कार्यक्रम का आज विधिवत कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में नीलकमल, यशवती, रजनीश गुप्ता,सुनीता वर्मा, पुनम,सीमा वर्मा, उषा गोयल,सीप गुप्ता, मन्नु शर्मा,परवेश रानी, इंदूबाला अरोड़ा, भावना गुप्ता,रूबी शर्मा, अनील कुमार,चंदन विश्वकर्मा ने भाग लिया। पण्डित रविन्द्र नाथ तिवारी ने खेड़ा कलश स्थापना मे सम्मिलित महिलाओं से पूजन सम्पन्न करा कर मानस पाठ स्थल पर कलश स्थापना कराये।

आश्रम विज्ञप्ति मे बताया की मानस नवधा पाठ के पाठी गण प्रातः 7 बजे से 7 बजे,8 से 9 बजे,9 से 10 बजे,10 से 11.30 बजे पश्चात सायं 5 से 5.30 बजे व 6 बजे नित्य श्रीरामायण जी की आरती होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जरूरतमंद, निराश्रित, दिव्यांग लोगों के लिए रोटी बैंक वरदान: डॉ. अशोक



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज भी सदा की भांति रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा और महासचिव कर्म चंद सुंदरपुर की झुग्गी झोपड़ी में भोजन वितरण के लिए पहुंचे। इनके साथ इ-रिक्शा चालक रमेश रहा। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने भोजन वितरण करते हुए बताया कि रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भी कार्यरत है। रोटी बैंक द्वारा भोजन तैयार करने से वितरण करने तक पूर्ण रूप से प्लास्टिक और पॉलीथिन रहित कार्य किया जाता है। जरूरतमंद लोगों को उनके निवास तक भोजन पहुँचाया जाता है। दिव्यांगजन, निराश्रित, वृद्ध और बच्चों के लिए रोटी बैंक कार्य कर रहा है। रोटी बैंक पुलिस और जन सहयोग का एक अनूठा संगम बन चुका है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र से भोजन ग्रहण कर सकता है। इतना ही नहीं अनेक जरूरतमंद लोगों को रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र सूखा राशन देने का कार्य भी कर रही है। भूखे को अन्न और तन ढकने को वस्त्र के साथ साथ सामाजिक मूल्यों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाता है। नशे से दूर रहने के साथ साथ स्वस्थ जीवन और परिवार नियोजन के बारे में समय समय पर रोटी बैंक की नारी शक्ति जागरूक करती हैं।

### शूटिंग में आदित्य मालरा नंबर-1 रैंकिंग पर

**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** अंबाला के जग्गी कॉलोनी निवासी एआर शुटिंग अकैडमी के अदित्य मालरा ने भारत ने शुटिंग में पहला रैंक हासिल किया है। अदित्य ने बताया कि कड़ी मेहनत के बाद उसे यह मकाम हासिल हुआ है। पिछले तीन वर्षो से 50 मिटर फ्री पिस्टल में गोल्ड मैडल लिस्ट है। अदित्य ने बताया कि एयर पिस्टल में वह भारत में नंबर 1 पर है। उसने बताया कि वह चाहता है कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नेतृत्व करें। इसीलिए वह जी-तौड़ मेहनत कर रहा है। उसने बताया कि रोजाना वह शुटिंग में चार से पांच घंटे तक प्रेकटिस करते है। इसके साथ ही एक्सरसाइस भी करते है। उन्होंने कहा की पूरा दिन वह ट्रेनिंग करते है। शुटिंग को लेकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। और हम मेहनत करते है और बाद में इसके परिणाम भी अच्छे आते है। उन्होंने कहा कि मै सभी से यही कहूंगा कि वह जीतौड़ मेहनत करें। परिणाम की परवाह न करें तब तक अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। वहीं अदित्य मालरा के कौच अभिषेक राना ने बताया कि पिछले 2017 से वह अंबाला छावनी में शुटिंग एकेडमी चला रहे है। इसी एकेडमी के सर्वजोत सिंह ने एशियन खेलों में जो चीन में आयोजित की गई थी। उसने एक गोल्ड व एक सिलवर हासिल कर अंबाला व हरियाणा का नाम रोशन किया। अब इसी एकेडमी के एक अन्य खिलाड़ी अदित्य मालरा ने भारत में नंबर 1 रैकिंग पर पहुंचा है। उन्होंने बताया कि आने वाले वलर्ड कप में वह अपने करियर का अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। अदित्य पिछले तीन वर्षो से नैशनल में गोल्ड मैडल लिस्ट है। उन्होंने बताया कि इसके इलावा वह ओल इंडिया यूनिर्वस्ट गेम्स में भी कई मैडल जीत चूका है।

# मोहित की पैंसिल आर्ट प्रदर्शनी देखकर दर्शक रह गए दंग

**प्रशंसा**

**प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यातिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने किया। कला की खुले दिल से प्रशंसा की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** चित्रकार मोहित मढाल की पैंसिल आर्ट प्रदर्शनी हिसार के सेक्टर-13 में आयोजित की गई। सेक्टर-13 के नीरज सदन सभागार में यह प्रदर्शनी 14 अप्रैल तक चलेगी। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यातिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण जैन ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करे हुए मोहित मढाल की कला की खुले दिल से प्रशंसा की। तरुण जैन ने कहा कि मोहित ने पैंसिल से कैनवास पर जीवन के विविध आयामों को उकेरा है। उन्होंने कहा कि समुचित प्रोत्साहन के अभाव में कलाकार का हौसला टूट जाता है। इसलिए सभी का दायित्व है कि कलाकारों को यथासंभव प्रोत्साहित करें। मोहित मढाल ने किसान, मजदूर, युवा व बुजुर्ग सहित सभी चेहरों को अपनी पेंटिंग का विषय बनाया है। उन्होंने नारी के विविध रूपों को पैंसिल से बखूबी उकेरा है। इसके साथ-साथ उनकी पेंटिंग में उत्साह, जुननू, उमंग व छिपी हुई ऊर्जा का एहसास होता है। मोहित ने बताया कि बहुत से लोग रंगों व तूलिका से चित्रकारी करते हैं लेकिन पैंसिल से चित्र बनाना अपने आप में अनूठा एहसास है। उन्होंने कहा कि इस पेंटिंग प्रदर्शनी के आयोजन में विशेष सहयोग करके भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण जैन ने हौसला बढ़ाया है। इसी भांति राजेंद्र भट्ट, अमन सोनी, दीपक वर्मा, दीपक सैनी व सोनू सैनी ने भी समय-समय पर प्रोत्साहित किया है।

पैंसिल आर्ट प्रदर्शनी में आंख व अजगर के चित्र अनायास ही आकर्षित करते हैं।

# अम्बाला में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी पर्व

**समागम**

**सेवादार प्रीतम सिंह ने बताया कि गुरूद्वारा बादशाही बाग के जीवन जुगत समागम आयोजित हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शहर के गुरूद्वारा बादशाही बाग के आज दीवान सजाए गए जहां पर प्रत्येक वर्ष बैसाखी के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन होता है। जानकारी देते हुए कलगीघर सेवा सोसाइटी के सेवादार प्रीतम सिंह ने बताया कि गुरूद्वारा बादशाही बाग के जीवन जुगत समागम आयोजित हुआ । जिसमें भाई जगतेशवर सिंह शान पटियाला वाले , भाई जोरावर सिंह अमृतसर साहिब वाले ,भाई जसविंदर सिंह चंडीगढ़ वाले, भाई अमीर सिंह ,भाई निर्मल सिंह अंबाला वाले, भाई हरप्रीत सिंह जी पटियाला वाले, भाई हरजिंदर सिंह व सतनाम सिंह पटियाला वाले, भाई मनप्रीत सिंह , भाई मनजीत सिंह,भाई भूपिंद सिंह, भाई कुलवंत सिंह अंबाला वाले, भाई गुरविंदर सिंह शपथ किर्तन व गुरू बानी से संगतो का निहाल किया। सुबह 9 बजे से लेकर 3 बजे तक किर्तन दरबार सजाए गए। रात 7 बजे से लेकर 11 बजे तक किर्तन जथे संगतो को कथा किर्तन से निहाल किया। अंबाला में बैसाखी का त्यौहार धूम-धाम से मनाया जा रहा है। जिले के सभी गुरूद्वारों को रंग बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है। जानकारी देते हुए टीपी सिंह ने बताया कि आज श्री आखंड साहिब के पाठ के भोग के उपरांत दरबार सजाएं गए। जिसमें संगतों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने बताया कि आज गुरूद्वारा श्री मंजी साहिब ,गुरूद्वारा श्री पंजोखड़ा साहिब, गुरूद्वारा श्री लखनौर साहिब, गुरूद्वारा बादशाही बाग में आज दीवान सजाए गए। आज सुबह गुरूद्वारा मंजी साहिब में सुबह छहः बजे से लेकर नौ बजे तक नीमा ऐसोसिएशन द्वारा मैडीकल कैंप लगाया गया इसी प्रकार सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक चिकित्तसा शिविर लगाया गया जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हडडी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा रोगियों की जांच करते हुए निशुल्क दवाइंर्या भी दी गई। इस चिकित्सा शिविर में अनेक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसके उपरांत 2 बजे गुरूद्वारा श्री मंजी साहिब में अमृत संचार हुआ।1699 में गुरूगोबिंद सिंह जी आज ही के दिन ने पंज प्यारों को अमृत संचार करवा खालसा स्थापना दिवस मनाया था।

उन्होंने बताया कि आज के दिन को दस्तार दिवस भी कहा जाता है। आज सुबह जग्गी कालोनी फेस 1 गुरूद्वारा से पंज प्यारों की अगवाई में नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ यह नगर कीर्तन उक्त क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से होता हुआ निकला। जगह-जगह पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में अनेक कीर्तनी जत्थों ने भाग लिया।

# सीएम नायब सैनी की विजय संकल्प रैली में उमड़ा जनसैलाब

**वोट की अपील**

**सैनी ने भाजपा प्रत्यााशी बंतो कटारिया को भारी मतों से विजयी कराने की अपील की**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बला: नारायणगढ़:**
नाारायणगढ़ में विजय संकल्प रैली हुई, इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी का अभिनंदन समारोह भी स्थानीय लोगों ने किया। नायब सैनी के मंच पर पहुचने पर कार्यकर्त्ताओं ने फूल बरसाते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर अंबाला से लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, परिवहन मंत्री असीम गोयल भी मौजूद थे। विजय संकल्प रैली में एक और जहां भाजपा कार्यकर्त्ताओं का हौसला बढ़ाया, वहीं नायब सैनी ने भाजपा प्रत्याीशी बंतो कटारिया को भारी मतों से विजयी कराने की अपील की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष, मनदीप राणा, नीता खेड़ा सहित अनेक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। नायब सैनी ने कहा कि आज मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे अपने घर आने पर मौका मिला है। उन्होने कहा कि जब मैं पार्टी का काम कर रहा था, तब मुझे 2003 में नारायणगढ़ से चुनाव लडने के लिए कहा गया। मुझे यहां के लोगों ने बेहद प्यार दिया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बंतो कटारिया लोकसभा चुनाव का टिकट देकर यहां से भेजा है। उन्हे हमे भारी मतों से विजयी करवाना है। नायब सैनी ने कहा कि गरीब की चिंता सिर्फ भाजपा ने की है। नारायणगढ में भी हमने अनेक विकास कार्य करें। यहां पर कॉलेज बनवाए। नारायणगढ में विकास कार्य तेजी से हो रहे है। यहां पर जो भी आवश्यकताएं होगी, उन्हें पुरा करना मेरी जिम्मेवारी है। नायब सैनी ने कहा कि यहां पर नदियों पर पुल बनाने है और भी अनेक कार्य करने है। उन्होने कहा आप कभी भी सीएम हाऊस में आएंगे तो उनके लिए सीएम हाउस आप लोगो के लिए 24 घंटे खुला है। हमारी सरकार ने गरीबो के लिए योजनावद्ध तरीके से काम किया है, चाहे आयुषमान योजना हो, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, चाहे कृषि समान योजना हो, या फिर उज्ज्वला योजना हो। उन्होने कहा कि सभी योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, ऐसे में इसके लिए हम सभी की भी अहम भूमिका रहेगी। उन्होने कहा कि 25 को जब भी वोट डले एकतरफा कमल के फूल पर वोट डालकर बंतो कटारिया को भारी मतों से विजयी करवाना है। उन्होने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और दुनिया का सिरमौर बनेगा। उन्होने कहा कि सरकार लगातार काम कर रही है। अंबाला से कालाअम्ब से देहरादुन को जोड़ने वाला फॉर लेन बन रहा है। मात्र 20 मिनट में नारायणगढ़ से अंबाला का सफर तय होगा। उन्होंने कहा कि यदि यह गति किसी ने दी है तो नरेन्द्र मोदी की सरकार ने दी है।

# चुनावों को लेकर अनिका शुक्ला की अम्बाला में बैठक आयोजित

**चर्चा**

**पार्टी अंबाला लोकसभा में जिसको भी उम्मीदवार बनाकर भेजेगी उसे जितवा कर संसद में भेजेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पार्टी हाईकमान के निर्देशों पर कांग्रेस प्रदेश सचिव व लोकसभा प्रभारी एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने अपने अंबाला हल्के में कई जगहों पर बैठक का आयोजन किया। बैठक में तय किया गया कि पार्टी अंबाला लोकसभा में जिसको भी उम्मीदवार बनाकर भेजेगी उसे जितवा कर देश की संसद में भेजने का काम करेंगे। अनिका शुक्ला ने सभी कार्यकताओं और अपने साथियों से अपील भी की है कि हरियाणा के अंदर 10 की 10 सीट कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने का काम करना है। जिसके लिए कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में जहां भी उनकी पहचान के लोग है वहां वहां पार्टी के लिए काम करते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करें। कांग्रेस प्रदेश सचिव एंव ओएसडी एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है और हरियाणा की सभी लोकसभा की सीटें जितवा कर हाईकमान की झोली में डालनी है। जिसको लेकर अनिका शुक्ला जी ने अपने लोकसभा क्षेत्र में युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### इंद्री उपमंडल में प्राइवेट स्कूलों की 75 बसों की चैकिंग की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री उपमडल** में शनिवार को एसडीएम अशोक कुमार की अगवाई में प्राइवेट स्कूल की बसों के निरिक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्राइवेट स्कूलों की 75 बसों की चैकिंग की गई, जिस दौरान बसों मे जीपीएस, फर्स्ट एड किट व बसों के परमिट आदि कमियां होने पर 23 बसों के चालान किए गए तथा 5 बसों को इंपाउंड किया गया। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि न्यायालय के निदेर्शानुसार सरकार द्वारा स्कूल-कालेज बसों के लिए जरूरी निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी सडक एवं वाहन दुर्घटना होने पर आपातकालीन सेवा के लिए टोल फ्री नंबर 112, 1073 पर तुरंत सूचित करें। चालकों, परिचालकों व स्कूल के अन्य स्टाफ की पूरी वेरिफिकेशन के बाद ही उसे ड्यूटी पर रखा जाए। इन नियमों में यदि कोई शिक्षण संस्थान कोताही बरतेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी शैक्षणिक संस्थानों में प्रयोग होने वाली गाडि?ों में उचित फिटनेस व बीमा प्रमाण पत्र होना चाहिए। बसों में जितनी सीटें है, उतने ही बच्चों को बिठाया जाना चाहिए।

### मोबाइल ऐप पर मतदाता व उम्मीदवार घर बैठे पा सकते हैं चुनाव संबंधित नवीनतम जानकारी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू किए हुए हैं, जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च में 53000 से ज्यादा यूनिट्स का ऑल टाइम हाई रजिस्ट्रेशन दर्ज किया

**चंडीगढ़ः ओला इलेक्ट्रिक** ने आज घोषणा की है कि उसने मार्च महीने में 53000 से अधिक रजिस्ट्रेशन (वाहन पोर्टल के अनुसार)दर्ज किए जो लगातार पांचवें महीने में फिर से सबसे अधिक मन्थली वॉल्यूम है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में 115प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की जिसमें 328785 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं जबकि वित्त वर्ष 23 में 152741 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं। मार्च में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ कंपनी ने महीने के दौरान अपने अग्रणी मार्केट शेयर को बनाए रखा और पिछली तिमाही में 84133 यूनिट्स की तुलना में क्यू4 वित्त वर्ष 24 के दौरान पंजीकृत 119310 यूनिट्स के साथ 42प्रतिशत क्वार्टरली वृद्धि दर्ज की। ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर,अंशुल खंडेलवाल ने कहा,मार्च में रजिस्ट्रेशन के 53000 मार्क को पार करने के साथ साथ वित्त वर्ष 24 का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था। पिछला वर्ष हमारे साथ.साथ ईवी इंडस्ट्री के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है और हम वॉल्यूम व मार्केट शेयर दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज करते हुए पूरे वित्तीय वर्ष में मार्केट लीडर रहे हैं। हमने अकेले क्यू4 वित्त वर्ष 24 में लगभग 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन्स दर्ज किए हैं जो हमारे मजबूत स्कूटर पोर्टफोलियो को दशार्ता है और हमारा लक्ष्य विकास पथ की ओर बढ़ना व भारत की इलेक्ट्रिफिकेशन जर्नी में और योगदान रखना है।

# मनोहर लाल ने गुरुद्वारा श्री नानकसर जी में टेका माथा, गुरुओं का लिया आशीर्वाद

### कर्ण कमल में पूर्व मुख्यमन्त्री व करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। पूर्व मुख्यमन्त्री** व करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने वैसाखी के पावन अवसर पर सेक्टर-13 स्थित निर्मल कुटिया और सेक्टर-6 स्थित गुरुद्वारा श्री नानकसर जी एवं कलंदरी गेट स्थित डेरा कारसेवा में पहुंचकर गुरु दरबार के समक्ष शीश नवाया। इस अवसर पर मनोहर लाल ने सिख गुरुओं का आशीर्वाद ग्रहण किया एवं सभी को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने सेक्टर-13 स्थित निर्मल कुटिया गुरुद्वारे में शीश नवाया व अपने कर-कमलों से प्रसाद वितरित करते हुए लोगों की सेवा की। इसके पश्चात मनोहर लाल ने सेक्टर-6 स्थित गुरुद्वारा श्री नानकसर जी एवं कलंदरी गेट स्थित डेरा कारसेवा में पहुँचकर गुरु दरबार के समक्ष शीश नवाया व गुरुओं का आशीर्वाद लिया। मीडिया से बात करते हुए मनोहर लाल ने वैसाखी के पावन अवसर पर पूरे समाज को बधाई दी व जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए स्वतंत्रता-सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मनोहर लाल ने कहा कि आज ही के दिन अर्थात वैसाखी के पावन पर्व पर जनरल डायर द्वारा निर्दोष देशभक्त नागरिकों पर गोलियां चलाई गई व उन्हें शहीद किया गया था। मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों व सेवादारों के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मनोहर लाल द्वारा किए गए कार्यों को सराहा गया। इस अवसर पर गुलाब सिंह वढैच, मेयर रेनू बाला गुप्ता व भाजपा नेता जगमोहन आनंद सहित सिख समाज के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आज भाजपा कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने उनके शासनकाल में सर्वाधिक सरकारी नौकरियों को देने का काम किया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि 2014 से पहले किसानों को यूरिया के लिए लम्बी-लम्बी लाइनों मे लगना पड़ता था, मगर अब उन्हें काफी आसानी से बाजार में यूरिया उपलब्ध हो रही है।

# जिले में 56 हजार 512 मीट्रिक टन गेंहू की हुई आवकः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। गत दिवस तक जिले में करीब 56 हजार 512 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में गत दिवस तक करीब 56 हजार 512 मीट्रिक टन गेंहू मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 24146 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 29427 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कापोर्रेशन द्वारा 2939 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आए, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में फानों में आग न लगाएं। इससे जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है।

# विवाहिता मासूम बच्ची सहित प्रेमी संग हुई फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा थाना** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव से एक विवाहिता प्रेमी संग फरार हो गई। विवाहिता अपने साथ डेढ़ साल की बच्ची व नकदी व आभूषण भी साथ ले गई। पति का कहना है कि सुबह घर से मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी। गांव के एक युवक पर पति ने भगा ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर घरौंडा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 साल पहले ही उसकी शादी पानीपत के गांव की युवती से हुई थी। घर पर सब ठीक था। बीते कल उसकी पत्नी घर से मायके जाने के लिए कह कर निकली थी और अपने साथ उसकी मासूम बच्ची को भी ले गई। लेकिन आज तक वह न तो घर आई और न ही अपने मायके पहुंची। काफी जगह ढूढनें के बाद जब उसकी पत्नी का कहीं सुराग नहीं लगा तो घर उसने अलमारी को चैक किया, जहां से नकदी व सोने चांदी के आभूषण गायब मिले। पति ने पुलिस को दी शिकायत में गांव के एक युवक पर बहला फुसलाकर उसकी पत्नी को लेकर जाने के आरोप लगाए हैं। पति ने पुलिस से गुहार लगाई है कि जल्द से उसकी पत्नी व मासूम बच्ची को ढूंढा जाए।घरौंडा थाना के जांच अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। विवाहिता व बच्ची की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

# सिविल पैन्शरज वैल्फेयर एसो. ने लगाया मेडिकल कैम्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा सिविल** पैन्शरज वैल्फेयर एसोसिएशन द्वारा अप्रैल माह में जन्में पैन्शनरज के जन्मदिवस व वैसाखी पर्व पर अर्पणा अस्पताल की ओर से निशुल्क मैडिकल जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विशेषज्ञ डा. अमित जांगडा (मैडिकल अधिकारी),डा.जितेंद्र यादव (अथोपैंडिक्स), डा. राहुल खन्ना (मैडिसन) और डा. प्रभाकर (डाईटीशन) ने लगभग 92 पैन्शनरज के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, बीपी, प्लस इत्यादि टैस्ट किए गए और निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। अर्पणा अस्पताल से आए डा. जोगिन्द्र सिंह ने बताया कि अस्पताल पैन्शरज के लिये हमेशा हरसंभव सुविधा देने के लिए हाजिर रहेगा। सभी को मौके पर विशेष छूट पत्र सौंपे गए। प्रेस सचिव रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर लगभग 27 पैन्शरज का जन्मदिवस बहुत धूमधाम से हार डालकर, उपहार देकर व मिठाइयां खिलाकर रंगारंग कार्यक्रम सहित मनाया गया। अप्रैल माह में जिन पैन्शरज के जन्म दिन थे, उनमें मुख्य रुप से प्रान्तीय प्रधान एसएल दुरेजा, आरडी काम्बोज, आडिटर कार्यकारिणी सदस्य महेन्द्र नरवाल, महावीर सिंह, प्रितपाल सिंह, शिव कुमार, पूर्णचंद, डा. अरोडा, पीसी भाटिया, जयपाल, गुरदीप सिंह, चन्दूराम, राजीव जैन, नरेश गोस्वामी, कृष्णा गहलावत, कंवरभान, कृष्ण लाल, सुरेश इत्यादि शामिल रहे। मंच संचालन महासचिव सुभाष यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर कई नये सदस्यों ने एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। प्रान्तीय प्रधान ने सभी को वैसाखी की बधाई दी और एसोसिएशन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# स्कूलों के वाहनों की चैकिंग का कार्य निरंतर जारीः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि स्कूलों के वाहनों की सभी संबंधित अधिकारी निरंतर चैकिंग करें और अनियमितताएं मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने जिला परिवहन, शिक्षा विभाग व उपमंडलों के एसडीएम को संयुक्त टीम बनाकर चैकिंग अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उपायुक्त उत्तम सिंह ने सभी जिलावासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि नौनिहालों के सुरक्षित सफर को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जो भी स्कूल बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से निर्धारित मानकों को पूरा करता नहीं पाया गया तो उस पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त के निदेर्शानुसार शनिवार को जिले के सभी उपमंडलों में संबंधित अधिकारियों ने स्कूल के वाहनों की चैकिंग निरंतर जारी रखा। जिसमें जिलाभर में अभी तक करीब 200 से अधिक स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया जा चुका है। शनिवार को करनाल उपमंडल में एसडीएम कार्यालय व आरटीए टीम ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर 50 से अधिक बसों की चैकिंग की, जिनमें से 6 बसों को अनियमितताएं मिलने पर इम्पाउंड किया गया। इसी कड़ी में कुछ अन्य वाहनों से 1 लाख से अधिक का जुमार्ना वसूला गया। करनाल उपमंडल स्तर पर अभी तक 115 स्कूली वाहन चैक किए जा चुके हैं। असंध उपमंडल में शनिवार को एसडीएम वीरेंद्र ढुल की अध्यक्षता में सभी प्राईवेट स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान एसडीएम ने सभी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे सोमवार से निर्धारित शैड्यूल अनुसार उपमंडल स्तर पर गठित टीम द्वारा अपने स्कूली वाहनों की चैकिंग करवाएंगे। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि नियमों की अवहेलना करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उनकी बसें भी जब्त की जाएंगी। इस अवसर पर स्कूल प्रतिनिधियों के साथ-साथ परिवहन विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इसी कड़ी में इंद्री व घरौंडा में भी अधिकारियों द्वारा संयुक्त चैकिंग अभियान चलाकर अनियमितताएं पाए जाने वाले स्कूली वाहनों पर कार्रवाई की गई।

**फिटनेस टेस्ट**

**8 शिक्षा विभाग व उपमंडलों के एसडीएम को संयुक्त टीम बनाकर चैकिंग अभियान शुरू करने के निर्देश दिए**

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। औषधि विभाग** के निरीक्षक विकास कुमार ने शनिवार को तरावड़ी स्थित एक मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल स्टोर पर भारी मात्रा में नशायुक्त दवाईयां मिली। निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि विभाग की टीम को यह जानकारी मिली थी कि तरावड़ी में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर नशायुक्त दवाईयां बेची जाती हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए औषधि एवं एंटी नारकोटिक्स सैल की संयुक्त टीम द्वारा मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर पर भारी मात्रा में अवैध नशीली दवाईयां बरामद की गई और मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। इस उपरांत मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे और नशीली दवाईयां बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 'स्वस्थ जीवन ही जिंदगी की जमापूंजी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत प्रसिद्ध योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने ग्रीन बेल्ट सेक्टर तेरह योग कक्षा में साधकों को योगाभ्यास करवाया और योग कराने के साथ-साथ इसका महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन ही जिंदगी की जमापूंजी है। उन्होंने बताया कि योग से शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मन की एकाग्रता पर चमत्कारिक असर पड़ता है, जो दैनिक जीवन में उनके बड़े काम आता है। योग से मनुष्य के जीवन में एक सकारात्मक और सार्थक प्रभाव पड़ता है और वे मानसिक रूप से भी तनावरहित रह सकते हैं। दिनेश गुलाटी ने कक्षा में विभिन्न योग क्रियाओं और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। सभी ने बड़े उत्साह के साथ योग किया। उन्होंने कक्षा में सभी साधकों को प्रेरित किया कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग के प्रति जागरूक करें।

# पैरोल पर आये हत्यारोपी बदमाश ने की आतिशबाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



**हत्यारोपी बदमाश ऋषि** चुलकाना व उसके साथियों को गांव में श्रीश्याम बाबा मंदिर के पास पैरोल का जश्न मनाना उस समय भारी पड़ गया जब ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर बदमाशों की दर्जन भर गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सूचना पाकर मौके पर दल-बल सहित समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार ने घटना का जायजा लिया। पुलिस के मुताबिक मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर क्षतिग्रस्त गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिया है ओर बदमाशों की धरपकड़ शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पैरोल पर ऋषि चुलकाना 30-35 गाड़ियों में सवार हथियार बंद युवकों के साथ गांव में जमकर आतिशबाजी की। ऋषि चुलकाना पर सन-2018 में मंदिर परिसर में सोमपाल की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। सोमपाल के भाई प्रवीन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि ऋषि चुलकाना ने ही 2005 में उसके चाचा रमेश की भी हत्या की थी। पैरोल पर आने के बाद अपने दर्जनों साथियों के साथ हमारे घर के सामने आतिशबाजी व हवाई फायर किए। शनिवार सुबह समालखा थाना का निरीक्षण करने पहुंचे पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने चुलकाना मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया कि चुलकाना में दहशत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि ऐसे लोगों का समाज में कोई स्थान नहीं है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# शुभम हत्याकांड में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिले के बंबरेड़ी** गांव के शुभम हत्याकांड मामले में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ऐसे में परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस से तीसरे दिन भी शुभम का शव उठाने से साफ मना कर दिया है। परिजनों की मांग है कि मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया जाए, उसके बाद ही शुभम का शव लेंगे और दाह संस्कार करेंगे। वहीं मौके पर डीएसपी सोनू नरवाल, डीएसपी मनोज कुमार व डीएसपी नायब सिंह सहित अन्य अधिकारी परिजनों को सामझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े हैं। परिजनों का कहना है कि पुलिस की तरफ से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। सिर्फ मामला दर्ज किया है और आरोपी खुले घुम रहे हैं। पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पा रही है। अगर पुलिस चाहे तो एक रात में ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है। परिजनों का कहना है कि अगर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया तो वह शव को हाइवे पर रखकर प्रदर्शन करेंगे। बंबरेडी निवासी शुभम घर का इकलौता बेटा था, जो करीब 19 साल का था। परिजन अपने बेटे को विदेश भेजने की तैयारी कर रहे थे, जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। लेकिन दो दिन पहले प्रेम प्रसंग के चलते शुभम की हत्या हो गई। परिजनों के मुताबिक शुभम करनाल में ही आइलेट्स की कोचिंग कर विदेश जाने की तैयारी कर रहा था। चाचा सुखबीर का कहना है कि शुभम का गांव जुंडला के आसपास ही बदमाशों द्वारा अपहरण किया गया है। उसके बाद उस पर लाठी डंडों और लोहे की रॉड से वार किए गए हैं। पूरे शरीर पर लाठी-डंडों व रॉड के निशान हैं। शरीर नीला पड़ा हुआ है। शुभम का शव कतलाहेड़ी बस अड्डे के नजदीक झाडियों में पड़ा मिला था।

मृतक शुभम के परिजनों ने गांव बंबरेड़ी के सरपंच प्रतीनिधि, युवती, उसके परिवार के सदस्य व युवती के कथित दोस्तों पर हत्या के आरोप लगाए गए हैं। प्रेम प्रसंग के मामले में परिजनों का कहना है कि इस मामले में गांव में ही पंचायत हुई थी और मामला पूरी तरह से सुलझ गया था, लेकिन आरोपियों ने रंजिश रखी और हत्या को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक शुभम के पिता सुरेश कुमार पर बुलन्दशहर के थाना खुर्जा देहात में 11 फरवरी 2024 को एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धारओं में मामला दर्ज हुआ था। इसी केस में वह वहां की जेल में बंद है। परिजनों ने बेटे की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए जमानत के लिए बेल लगाई गई थी, लेकिन वह भी रिजेक्ट हो गई।

**आक्रोश**

**8 परिजनों की मांग है कि मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया जाए, उसके बाद ही शुभम का शव लेंगे**

# विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा असंध** में विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताडना के आरोप लगाए हैं। ससुराल वालों ने विवाहिता से क्रेटा गाड़ी की मांग की। जब मांग पूरी नहीं हुई तो विवाहिता के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे मायके में छोड़ दिया। मामले को लेकर पंचायतें भी हुई लेकिन आरोपी नहीं माने। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को की गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 2 अप्रैल 2023 को जलमाणा निवासी पीड़िता की शादी असंध के जसनदीप के साथ हुई थी। शादी पर लाखों रुपए खर्च किया गया था और हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया गया था। शादी के दो महीने बाद ही विवाहिता के पति व सास ने क्रेटा गाड़ी की मांग शुरू कर दी। पीड़िता ने अपने परिवार के आर्थिक हालातों से अवगत करवाया, लेकिन जब मांग पूरी नहीं हुई तो ससुराल वालों ने कोमल के साथ मारपीट शुरू कर दी और मायके में छोडकर चले गए। 8 अप्रैल को महिला थाने में शिकायत दी गई। इसके बाद समझौता हो गया। पीड़िता के भाई यशकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 10 अप्रैल की शाम करीब चार बजे वह अपनी बहन को उसके ससुराल असंध में छोड? के लिए गया। ससुराल वाले पहले से ही झगड़े के इरादे से बैठे हुए थे। पीडिता की सास, चाची, मौसी व अन्य ने तेजधार हथियारों व लाठी डंडों से हमला बोल दिया। उसने बताया कि वह किसी तरह से वहां से निकल आया, लेकिन उसकी बहन वहीं पर रह गई। इसके बाद आरोपियों ने कोमल के साथ बुरी तरह से मारपीट की। वह मौके पर पुलिस लेकर पहुंचा और अपनी बहन को वहां से निकलवाकर लाया।

## संपादकीय

# पूरे हो रहे हैं डॉ. आम्बेडकर के सपने

**दुनिया** जानती है कि भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव आंबेडकर का अभूतपूर्व योगदान रहा है इसलिए उन्हें संविधान निमार्ता के नाम से पहचाना जाता है। भारतीय संविधान के कारण ही भारत दुनिया में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। देश के इस लोकतांत्रिक स्वरूप को बनाये रखने के लिए आज हमें सजग रहने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान के सूत्रधार एवं चिंतक डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की अद्वितीय प्रतिभा देश व समाज के लिए अनुकरणीय व अग्रणीय रही है। वे एक प्रख्यात मनीषी, समाज सेवक, नायक, विद्वान, दार्शनिक एवं धैर्यवान बौद्धिक व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपना जीवन समग्र भारत के कल्याण की कामना हेतु उत्सर्ग कर दिया था। विशेषकर 80 प्रतिशत उन दलित, सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त लोगों के लिए, जिन्हें शोषण व पिछड़ेपन के अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. आंबेडकर का जीवन संकल्प रहा। डॉ. आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल सन 1891 को महू में सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवीं संतान के रूप में हुआ था। बचपन से ही उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता का प्रभाव रहा। डॉ. भीमराव सातारा गांव के एक ब्राह्मण शिक्षक को बेहद प्रिय रहे। यही शिक्षक डॉ आंबेडकर के लिए उन पर सामाजिक अत्याचार और लांछन की तेज धूप में बादल रूपी छांव बन गए थे। डॉ. आंबेडकर की सोच थी कि, समाज को श्रेणीविहीन और वर्णविहीन करना होगा क्योंकि श्रेणी ने इंसान को दरिद्र और वर्ण ने इंसान को दलित बना दिया है। जिनके पास कुछ भी नहीं है, वे लोग दरिद्र माने गए और जो लोग कुछ भी नहीं है, वे दलित समझे जाते थे। बाबा साहेब ने इसी भेदभाव के प्रति संघर्ष का बिगुल बजाकर समाज को जागरूक करने की कोशिश की।वे कहते थे कि, छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकार वसूल करना होता है। उन्होंने कहा था, हिन्दुत्व की गौरव वृद्धि में वशिष्ठ जैसे ब्राह्मण, राम जैसे क्षत्रिय, हर्ष की तरह वैश्य और तुकाराम जैसे शूद्र लोगों ने अपनी साधना का प्रतिफल जोड़ा है। उनका हिन्दुत्व दीवारों में घिरा हुआ नहीं है, बल्कि ग्रहिष्णु, सहिष्णु व चलिष्णु है।

बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने भीमराव आंबेडकर को मेधावी छात्र के नाते छात्रवृत्ति देकर सन 1913 में विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेज दिया था। उन्होंने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मानव विज्ञान, दर्शन और अर्थ नीति का अध्ययन किया और विद्वता हासिल की। चूंकि विदेश में भारतीय समाज का अभिशाप और जन्मसूत्र से प्राप्त अस्पृश्यता की कालिख नहीं थी। इसलिए उन्होंने अमेरिका में एक नई दुनिया के दर्शन किए। बाबासाहेब अम्बेडकर की विद्वता का प्रमाण यह है कि वे 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों को लेकर तुलनात्मक अध्ययन किया था। बाबासाहेब ने लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स में 8 वर्ष में समाप्त होने वाली पढ़ाई मात्र 2 वर्ष 3 महीने में पूरी की। इसके लिए उन्होंने प्रतिदिन 21-21 घंटे पढ़ाई की थी।

# मूक समाज को आवाज देकर बने नायक



प्रो.(डॉ.) संजय द्विवेदी

> "आंबेडकर के कामों को घरेलू ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी जाना जाता था। हमें हिंदुस्तान के मीडिया में आंबेडकर की मौजूदगी और उनके संपादकीय कामों की जानकारी तो है, लेकिन ये बात ज्यादातर लोगों को नहीं मालूम कि उन्हें विदेशी मीडिया में भी व्यापक रूप से कवरेज मिलती थी। बहुत से मशहूर अंतरराष्ट्रीय अखबार, आंबेडकर के छुआछूत के खिलाफ अभियानों और महात्मा गांधी से उनके संघर्षों में काफी दिलचस्पी रखते थे। लंदन का द टाइम्स, ऑस्ट्रेलिया का डेली मर्करी, और न्यूयॉर्क टाइम्स, न्यूयॉर्क एम्सटर्डम न्यूज, बाल्टीमोर अफ्रो-अमरीकन, द नॉरफॉक जर्नल जैसे अखबार अपने यहां आंबेडकर के विचारों और अभियानों को प्रमुखता से प्रकाशित करते थे"

**अगर** कोई इंसान, हिंदुस्तान के कुदरती तत्वों और मानव समाज को एक दर्शक के नजरिए से फि ल्म की तरह देखता है, तो ये मुल्क नाइंसाफी की पनाहगाह के सिवा कुछ नहीं दिखेगा। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने आज से 103 वर्ष पूर्व 31 जनवरी 1920 को अपने अखबार मूकनायक के पहले संस्करण के लिए जो लेख लिखा था, यह उसका पहला वाक्य है। अपनी पुस्तक पत्रकारिता के युग निमार्ता : भीमराव आंबेडकर में लेखक सूर्यनारायण रणसुभे ने इसलिए कहा भी है कि जाने-अनजाने बाबा साहेब ने इसी दिन से दीन-दलित, शोषित और हजारों वर्षों से उपेक्षित मूक जनता के नायकत्व को स्वीकार किया था। बाबा साहेब ने मूकनायक पत्र की शुरूआत की थी। इस समाचार पत्र के नाम में ही आंबेडकर का व्यक्तित्व छिपा हुआ है। वे मूक समाज को आवाज देकर ही उनके नायक बने। बाबा साहेब ने कई मीडिया प्रकाशनों की शुरूआत की। उनका संपादन किया। सलाहकार के तौर पर काम किया और मालिक के तौर पर उनकी रखवाली की। मूकनायक के प्रकाशन के समय बाबा साहेब की आयु मात्र 29 वर्ष थी। और वे तीन वर्ष पूर्व ही यानी 1917 में अमेरिका से उच्च शिक्षा ग्रहण कर लौटे थे। अक्सर लोग ये प्रश्न करते हैं कि एक उच्च शिक्षित युवक ने अपना समाचार-पत्र मराठी भाषा में क्यों प्रकाशित किया? वह अंग्रेजी भाषा में भी समाचार-पत्र का प्रकाशन कर सकते थे। ऐसा करके वह अभिजन समाज के बीच प्रसिद्धि पा सकते थे और अंग्रेज सरकार तक दलितों की स्थिति प्रभावी ढंग से रख सकते थे। लेकिन बाबा साहेब ने मूकनायक का प्रकाशन वर्षों के शोषण और हीनभावना की ग्रंथि से ग्रसित दलित समाज के आत्म-गौरव को जगाने के लिए किया गया था। जो समाज शिक्षा से दूर था, जिसके लिए अपनी मातृभाषा मराठी में लिखना और पढ़ना भी कठिन था, उनके बीच जाकर अंग्रेजी मूकनायक आखिर क्या जागृति लाता? इसलिए आंबेडकर ने मराठी भाषा में ही समाचार पत्रों का प्रकाशन किया।

अगर हम उनकी पहुंच की और उनके द्वारा चलाए गए सामाजिक आंदोलनों की बात करें तो बाबा साहेब अपने समय में संभवतः सबसे ज्यादा दौरा करने वाले नेता थे। सबसे खास बात यह है कि उन्हें ये काम अकेले अपने बूते करने पड़ते थे। न तो उनके पास सामाजिक समर्थन था, न ही आंबेडकर को उस तरह का आर्थिक सहयोग मिलता था, जैसा कांग्रेस पार्टी को हासिल था। इसके विपरीत, आंबेडकर का आंदोलन गरीब जनता का आंदोलन था। उनके समर्थक वो लोग थे, जो समाज के हाशिए पर पड़े थे, जो तमाम अधिकारों से महरूम थे, जो जमीन के नाम पर या किसी जमींदार के बंधुआ थे। आंबेडकर का समर्थक, हिंदुस्तान का वो समुदाय था, जो आर्थिक रूप से सब से कमजोर था। इसका नतीजा ये हुआ कि आंबेडकर को सामाजिक आंदोलनों के बोझ को सिर से पांव तक केवल अपने कंधों पर उठाना पड़ा। उन्हें इसके लिए बाहर से कुछ खास समर्थन हासिल नहीं हुआ। और ये बात उस दौर के मीडिया को बखूबी नजर आती थी। आंबेडकर के कामों को घरेलू ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी जाना जाता था। हमें हिंदुस्तान के मीडिया में आंबेडकर की मौजूदगी और उनके संपादकीय कामों की जानकारी तो है, लेकिन ये बात ज्यादातर लोगों को नहीं मालूम कि उन्हें विदेशी मीडिया में भी व्यापक रूप से कवरेज मिलती थी। बहुत से मशहूर अंतरराष्ट्रीय अखबार, आंबेडकर के छुआछूत के खिलाफ अभियानों और महात्मा गांधी से उनके संघर्षों में काफी दिलचस्पी रखते थे। लंदन का द टाइम्स, ऑस्ट्रेलिया का डेली मर्करी, और न्यूयॉर्क टाइम्स, न्यूयॉर्क एम्सटर्डम न्यूज, बाल्टीमोर अफ्रो-अमरीकन, द नॉरफॉक जर्नल जैसे अखबार अपने यहां आंबेडकर के विचारों और अभियानों को प्रमुखता से प्रकाशित करते थे। भारतीय संविधान के निर्माण में आंबेडकर की भूमिका हो या फिर संसद की परिचचाओं में आंबेडकर के भाषण, या फिर नेहरू सरकार से आंबेडकर के इस्तीफे की खबर। इन सब पर दुनिया बारीकी से नजर रखती थी। बाबा साहेब ने अपने सामाजिक आंदोलन को मीडिया के माध्यम से भी चलाया। उन्होंने मराठी भाषा में अपने पहले समाचार पत्र मूकनायक की शुरूआत क्षेत्रीयता के सम्मान के साथ की थी। मूकनायक के अभियान के दिग्दर्शन के लिए तुकाराम की सीखों को बुनियाद बनाया गया। इसी तरह, आंबेडकर के एक अन्य अखबार बहिष्कृत भारत का मार्गदर्शन संत ज्ञानेश्वर के सबक किया करते थे। आंबेडकर ने इन पत्रिकाओं के माध्यम से भारत के अछूतों के अधिकारों की मांग उठाई। उन्होंने मूकनायक के पहले बारह संस्करणों का संपादन किया, जिसके बाद उन्होंने इसके संपादन की ज़िम्मेदारी पांडुरंग भाटकर को सौंप दी थी। बाद में डीडी घोलप इस पत्र के संपादक बने। हालांकि मूकनायक का प्रकाशन 1923 में बंद हो गया। इसकी खास वजह ये थी कि आंबेडकर, इस अखबार का मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध नहीं थे। वो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गए थे। इसके अलावा अखबार को न तो विज्ञापन मिल पा रहे थे और न ही उसके ग्राहकों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि उससे अखबार के प्रकाशन का खर्च निकाला जा सके। शुरूआती वर्षों में राजिश्री शाहू महाराज ने इस पत्रिका को चलाने में सहयोग दिया था। आंबेडकर की पत्रकारिता का अध्ययन करने वाले गंगाधर पानतावणे कहते हैं कि, मूकनायक का उदय, भारत के अछूतों के स्वाधीनता आंदोलन के लिए वरदान साबित हुआ था। इसने अछूतों की दशा-दिशा बदलने वाला विचार जनता के बीच स्थापित किया। मूकनायक का प्रकाशन बंद होने के बाद, आंबेडकर एक बार फिर से पत्रकारिता के क्षेत्र में कूदे, जब उन्होंने 3 अप्रैल 1927 को बहिष्कृत भारत के नाम से नई पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। ये वही दौर था, जब आंबेडकर का महाद आंदोलन जोर पकड़ रहा था। बहिष्कृत भारत का प्रकाशन 15 नवंबर 1929 तक होता रहा। कुल मिलाकर इसके 43 संस्करण प्रकाशित हुए। हालांकि, बहिष्कृत भारत का प्रकाशन भी आर्थिक दिक़्कतों की वजह से बंद करना पड़ा। मूकनायक और बहिष्कृत भारत के हर संस्करण की कीमत महज डेढ़ आने हुआ करती थी, जबकि इसकी सालाना कीमत डाक के खर्च को मिलाकर केवल 3 रुपए थी। इसी दौरान समता नाम के एक और पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ, जिससे बहिष्कृत भारत को नई ज़िंदगी मिली। उसे 24 नवंबर 1930 से जनता के नए नाम से प्रकाशित किया जाने लगा। जनता, भारत में दलितों के सबसे लंबे समय तक प्रकाशित होने वाले अखबारों में से है, जो 25 वर्षों तक छपता रहा था। जनता का नाम बाद में बदल कर प्रबुद्ध भारत कर दिया गया था। ये सन 1956 से 1961 का वही दौर था, जब आंबेडकर के आंदोलन को नई धार मिली थी। बाबा साहब आंबेडकर ने 65 वर्ष 7 महीने और 22 दिन की अपनी जिंदगी में करीब 36 वर्ष तक पत्रकारिता की। मूकनायक से लेकर प्रबुद्ध भारत तक की उनकी यात्रा, उनकी जीवन-यात्रा, चिंतन-यात्रा और संघर्ष-यात्रा का भी प्रतीक है। मेरा मानना है कि मूकनायक, प्रबुद्ध भारत में ही अपनी और पूरे भारतीय समाज की मुक्ति देखता है। आंबेडकर की पत्रकारिता का संघर्ष मूकनायक के माध्यम से मूक लोगों की आवाज बनने से शुरू होकर, प्रबुद्ध भारत के निर्माण के स्वप्न के साथ विराम लेता है। प्रबुद्ध भारत यानी एक नए भारत का निर्माण। आंबेडकर के विचारों का फलक बहुत बड़ा है। ये सही है कि उन्होंने वंचित और अछूत वर्ग के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी, लेकिन उनका मानवतावादी दृष्टिकोण हर वर्ग को छूता है। आंबेडकर का मानना था कि पत्रकारिता का पहला कर्तव्य है, बिना किसी प्रयोजन के समाचार देना, बिना डरे उन लोगों की निंदा करना, जो गलत रास्ते पर जा रहें हों, फिर चाहे वे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों और पूरे समुदाय के हितों की रक्षा करने वाली नीति को प्रतिपादित करना।

**(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि, भोपाल के जनसंचार विभाग में आचार्य हैं।)**



## कविता

### तेरे गुस्से का तेरा कहर हमें पसंद आया '

तेरे गुस्से का यह कहर हमें पसंद आया,
दुश्मनी का मीठा जहर हमें पसन्द आया।।

अभी हो कमसिन ,रंजिश करने की नहीं उम्र,
गुस्से तेरा मेरी नजर हमें पसंद आया।

परायों की तिरछी नजरो से न देखो,
तेरा कातिलाना कहर हमें पसंद आया।

आते हो सुलह के लिए हर शाम,
खफा होना हर दोपहर हमें पसंद आया।

दुश्मनी का अंदाज भी बेहद हसीन है,
ख्वाब में लेना खबर हमे पसंद आया।

खुदा ने तुम्हे सारी नफासत है बक्शी, बिजली
सा ढाना कहर हमे पसंद आया।

कसम खाती हो ना दिखने की,
कसम तोड़कर आना नजर,हमे पसन्द आया'

संजीव
---------

## माता का छठा भव्य, विराट स्वरूप माँ कात्यायनी

संजीव

**कात्यायनी** नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती (शक्ति) के नौ रूपों में छठवें रूप में अबतरित हुई है। यह अमर कोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी,काली, हैमावती, ईश्वरी इन्हीं के अन्य पवित्र नाम भी उल्लेखित हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी उच्चारित किया जाता है। यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरण्यक में उनका उल्लेख प्रथमतः किया है। स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थी, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दिए गये सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया था। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतांजलि के महाभाष्य में किया गया है, जिसे दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में लिखी गयी थी। उनका वर्णन देवी-भागवत पुराण,और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है जिसे ४०० से ५०० ईसा में लिपि बद्ध किया गया था। बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों,

विशेष रूप से कालिका-पुराण (१०वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है।परंपरागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्रि उत्सव के षष्ठी में उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।माँ का नाम कात्यायनी कैसे पड़ा इसकी भी एक कथा है- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी माँ भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। माँ भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी के फलस्वरुप यह कात्यायनी कहलाईं।ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहाँ पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्त सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था।माँ कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पतिरूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।माँ कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और भास्वर है।

## विचार

# क्यों घटती जाती तादाद लोकसभा में आजाद

आर.के.सिन्हा

**बुजुर्ग** हिन्दुस्तानियों को याद होगा ही कि एक दौर में वी.के.कृष्ण मेनन, आचार्य कृपलानी, एस.एम.बैनर्जी, मीनू मसानी, लक्ष्मीमल सिंघवी, इंद्रजीत सिंह नामधारी, करणी सिंह, जी. जी. स्वैल जैसे बहुत सारे नेता आजाद उम्मीदवार होते हुए भी लोकसभा का कठिन चुनाव जीत जाते थे। पर अब इन आजाद उम्मीदवारों का आंकड़ा लगातार सिकुड़ता ही चला जा रहा है। अगर 1952 के पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हमें इन विजयी आजाद उम्मीदवारों की संख्या 36 मिलेगी। तब इनका समूह कांग्रेस के बाद दूसरा सबसे बड़ा था। यानि किसी भी गैर-कांग्रेसी दल से बड़ा था। निवर्तमान लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या सिर्फ तीन रह गई थी। अभी तक मात्र 202 निर्दलीय उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे हैं। बेशक, लोकसभा का चुनाव अपन बलबूते पर लड़ना कोई बच्चों का खेल नहीं होता। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बहुत सारे संसाधनों की दरकरार रहती है। इसके बावजूद भी अगर कोई निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है, तो इतना तो माना ही जा सकता है कि उसकाआम जनता में गहरा प्रभाव है। पहले लोकसभा चुनावों के बाद 1967 के लोकसभा चुनावों में 34 आजाद उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे थे। देश में इमरजेंसी लगने के बाद 1977 में चुनाव हुआ। तब सिर्फ सात आजाद उम्मीदवार सफल रहे। यह संख्या 1980 में मात्र चार रह गई। 1984 और 1989 के लोकसभा चुनावों में क्रमशः 9 और 8 आजाद उम्मीदवार ही निर्दलीय रूप से लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। कह सकते हैं कि हरेक लोकसभा चुनावों में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले कुछ न कुछ विजयी रहे हैं। बेशक, ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जुझारू प्रतिबद्धता के साथ कुछ काम तो करते होंगे। वर्ना ये सब लोकसभा में कभी नहीं पहुंच पाते। खासतौर पर तब जबकि चुनावों में धन का इस्तेमाल तो बढ़ता ही जा रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा का चुनाव जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवार अपने आप में बहुत बुलंद शख्सियत के मालिक होते हैं। इनमें से कुछ मनीषी भी रहे हैं। कृपलानी जी 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वे गांधी जी के सबसे उत्साही और विश्वासपात्र शिष्यों में से एक थे। उन्होंने लगभग एक दशक तक कांग्रेस के महासचिव के रूप में भी कार्य किया था। लक्ष्मीमल सिंघवी जैसे सरस्वती पुत्र भी सदियों में पैदा होते हैं। वे ख्यातिलब्ध न्यायविद, संविधान विशेषज्ञ, कवि, भाषाविद एवं लेखक थे। वे धर्मयुग में विधि संबंधी मामलों में खूब लिखते थे। जब मैं धर्मयुग में आवरण कथाएं लिखा करता था। उनका जन्म जोधपुर में हुआ था। वे 1952 से 1967 तक तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। चाहे सांसद रहे हों या किसी और संस्था से जुड़ गए हों, लेकिन उन्होंने वेतन के रूप में हमेशा एक रुपया ही लिया था। आप कानपुर में जाकर अब भी एस.एम. बैनर्जी के बारे में पूछ लें । आपको लोग उनके तमाम किस्से सुनाएँगे। वे एक विख्यात मजदूर नेता थे। वे पश्चिम बंगाल से कानपुर में नौकरी करने के लिए आए थे। कानपुर को उन्होंने अपनी कर्मभूमि बना लिया था। कोलकाता से आये मजदूर नेता एस.एम. बैनर्जी ने 1957 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की तो 1962, 1967 और 1971 तक जीत का सेहरा वही पहनते रहे। शायद कानपुर अकेला शहर होगा, जहां चार बार लगातार कोई निर्दलीय सांसद चुना गया हो। आपको विजयी हुए निर्दलीय उम्मीदवारों में इस तरह के कई नाम मिल जाएंगे जो उस लोकसभा क्षेत्र से विजयी हुए, जहाँ से उनका उस क्षेत्र से कोई सीधा संबंध नहीं था। वहां पर जनता से जुड़कर और उनके सुख-दुःख का हिस्सा बनकर वे वहां के हो गए।

कृपलानी जी सिंध (अब पाकिस्तान) से आए थे। वे बिहार से सांसद बने। इंदरजीत सिंह नामधारी का परिवार देश के विभाजन के वक्त पाकिस्तान से बिहार आकर बस गया था। वे बरसों बिहार के ट्रांसपोर्ट मंत्री भी रहे। बिहार के विभाजन के बाद वे झारखंड में सक्रिय हो गए। इंदर सिंह नामधारी झारखंड के पहले विधान सभा अध्यक्ष बने।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# सारी दुनिया गोल-मटोल

डॉ. सुरेश कुमार

**पिता जी** की कभी उंगलियाँ हुआ करती थीं। अब केवल नसें ही दिखाई देती हैं। नसों के उभार में खून नहीं जीवन का लेखा-जोखा दौड़ता है। वैसे भी उनके बदन में खून कहाँ था। खून तो जमीर वालों का होता है। उनका जमीर तो मेरे चक्कर में मेज के नीचे से कागज के टुकड़े बटोरने में ही पानी हो गया। अच्छा हुआ उनका खून खून नहीं पानी था। खून दिखने में, होने में और निभाने में ठीक वैसे ही होते हैं जैसे ठोस, द्रव और भाप। उन्होंने बड़ी उम्मीदों से मुझे लाखों की फीस वाले कान्वेंट स्कूल में भेजा था। वहाँ जाकर मैंने सीखा भी तो क्या सीखा, यही कि ऊपर चंदा गोल-गोल, नीचे धरती गोल-गोल। मम्मी की रोटी गोल-गोल, पापा के पैसे गोल-गोल। हम भी गोल, तुम भी गोल, सारी दुनिया गोल-मटोल। यह ज्ञान तो मैं बिना स्कूल गए भी सीख सकता था। दुनिया में लाखों ऐसे हैं जो बिना महंगी पढ़ाई के गोल-गोल बातें करते हैं, मैं भी उनमें शामिल हो जाता। आज शरीर से घोड़ा बनने के बाद समझ आया कि अक्ल से अभी भी मैं गधा हूँ। स्कूल ने पढ़ाया था कि भूमि पहले अपने, फिर सूर्य के चारों ओर घूमती है। अनुभव ने सिखाया कि इंसान गायब होते रीढ़ का गोल माँस वाला लुंडा है। वह भी भूमि के समान घूमता है। सूर्य के चारों ओर नहीं, पैसे के। भूमि अपने अक्ष से थोड़ी झुकी हुई है। इंसान अपने जमीर से पूरा झुका हुआ है। भूमि के गोल-गोल घूमने से दिन और रात बनते हैं। वहीं इंसानों के दिन-रात घूमने से स्वार्थ बनते हैं। स्वार्थ भी समय के साथ बदलते रहते हैं। कल विदेश आने से पहले तक जो पिता जी मेरे लिए सब कुछ हुआ करते थे आज वे सबसे तुच्छ लगने लगे हैं। एक दर्पणनुमा इलेक्ट्रानिक गजट उनके हाथों थमा दिया है। पहले पहल मैं और मेरा परिवार वीडियो कॉल के बहाने खूब बतियाया करते थे। तब भी पिता जी की शिकायतें रहा करती थी। कहते थे कि अंतरजाल का फेर मोहजाल का तोड़ थोड़े न होता है। अब उन्हें कौन समझाए कि रिश्तों के मोहजाल को निभाने के लिए समय भी चाहिए होता है। वे इसे नहीं समझते। उन्हें कौन बताए कि टैब को बार-बार टैप करने से बूढ़ी आँखों के आँसू टपटपाना थोड़े न बंद होंगे। जानते हैं यह सब मैं आपको क्यों बता रहा हूँ।

## द्वारब्रह्म रंध्र तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करता है सहस्त्रारचक्र

अशोक प्रवृद्ध

**नवरात्र** के सातवें दिन भगवती दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रिकी पूजार्चनाका विधान है। इस वर्ष 2024 में वासन्तीय नवरात्र का सातवां दिन 15 अप्रैल दिन सोमवार को पड़ने के कारण इस दिन देवी कालरात्रि की पूजा की जाएगी। कृष्णवर्णा कालरात्रि को देवी पार्वती के समतुल्य माना गया है। कालरात्रिशब्द दो शब्दों के मेल से बना है- काल और रात्रि। जिसमें काल का अर्थ है- मृत्यु, यह अज्ञानता को नष्ट करने का द्योतक है।और रात्रि अर्थात रात, यह माता का रात के अंधेरे के समान गहरे रंग का प्रतीक है। इस प्रकार देवी के नाम का शाब्दिक अर्थ अंधेरे को खत्मकरने वाली है।कालरात्रि का रूप एक करूणामयी माता का अपनी सन्तान की सुरक्षा के लिए आवश्यकता होने पर अत्यंत हिंसक और उग्र स्वरूप धारण करने का है।अपने उग्र व हिंसक रूप में कालरात्रि के रूप में जानी जाने वाली माता दुर्गा का यह रूप महाकाली की ही एक अभिव्यक्ति है।एक तरफ माता का यह रूप बुरी शक्तियों के प्रति अत्यंत ही उग्र और हिंसक है, वही दूसरी ओर माता अपने भक्तों के प्रति अत्यंत करूणामयी, कोमल और को शांत है। माता इस रूप में अपने भक्तों को बुरी पाशविक शक्तियों का सामना करने का साहस और उनका नाश करने की शक्ति प्रदान करती है।पौराणिक मान्यतानुसार भगवती का सप्तम स्वरूप कालरात्रि माता का अति भयावह व उग्र रूप है, जिनकी उत्पत्ति पापियों का नाश करने के उद्देश्य से हुई थी। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा रूप नहीं होने के बाद भी माता का यह रूप मातृत्व को समर्पित है। उनकी पूजा -उपासना की जाती है। माता का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करने वाला है।कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक होने के बावजूदवे सदैव ही शुभ फल देने वाली मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। नवरात्र के सप्तमी को माता कालरात्रि की पूजा के दिन साधक भक्त का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं।

इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माता कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है।

## न्यूज फ्लैश

### कनीना अनाज मंडी में सरसों खरीद के लिए 15 व 16 का शेड्यूल जारी

**नारनौल। सरसों की** सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मुल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल तथा 8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम 25 क्विंटल की खरीद की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सचिव व कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी कनीना ने बताया कि 15 अप्रैल को बागोत, पोता, खैराना, गोमला, मानपुरा, नौताना व भोजावास गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। 16 अप्रैल को धनौंदा, मोहनपुर, मोडी, मुंडिया खेड़ा, खरखड़ाबास, स्याणा व उच्चत गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि गेट पास कटवाने के लिए किसान आधार कार्ड अपने साथ लाएं। यदि कोई किसान बिना शेड्यूल के अपनी फसल मंडी में लाता है तो उसकी फसल खरीद नहीं की जाएगी।

### सिंचाई मंत्री ने उन्हाणी बस हादसे में न्यायिक जांच का दिया सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। नांगल चौधरी के विधायक एवं** हरियाणा सरकार में सिंचाई राज्यमंत्री डा. अभय सिंह यादव ने उन्हाणी बस हादसे में व्याप्त दर्दनाक जनहानि एवं व्यापक स्तर पर आहत जनभावना को ध्यान रखते हुए सरकार को सुझाव दिया है कि इस मामले की जांच जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के किसी वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि यह एक अत्यंत गंभीर मामला है जो स्कूल प्रबंधन एवं विभिन्न विभागों की गंभीर चूक का नतीजा है। 6 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत और 15 से अधिक बच्चों का घायल होना बहुत पीड़ादायक है। इस मामले में निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से गहराई से जांच किए जाने की आवश्यकता है। इस जांच उपरांत न केवल सभी संबंधित विभागों की ज़िम्मेवारी निश्चित करते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है, अपितु भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपायों की पहचान करते हुए उन्हें प्रभावी रूप से लागू करने का कानूनी प्रावधान करना होगा। इसके साथ ही सभी निजी संस्थाओं द्वारा स्कूलों के संचालन में विशेषकर विद्यार्थियों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए व्यापक कानूनी प्रावधानों पर भी विचार करना चाहिए ।उन्होंने मुख्यमंत्री हरियाणा को इस विषय में सरकार के स्तर पर समयबद्ध कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया है।

### दुर्घटनाग्रस्त स्कूल बस के कारणों का पता लगाने के लिए कमेटी का पुनर्गठन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल ।जीएल पब्लिक स्कूल** कनीना की स्कूल बस की दुर्घटना के संबंध में मामले की जांच करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी। अब इस समिति का पुनर्गठन किया गया है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एसडीएम कनीना, उप पुलिस अधीक्षक कनीना व सिटी मजिस्ट्रेट की समिति गठित की है। यह समिति दुर्घटना में हुई छात्रों की मृत्यु व घायल हुए छात्रों के घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच करेगी।

### कार की चपेट में आने से घायल हुए दो-पहिया वाहन सवार

**सोनीपत**

**जीआरपी थाना क्षेत्र** में तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहन सवार सेल्समैन को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गया। घायल को निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। डबल स्टोरी एटलस रोड निवासी हिमांशु ने बताया कि वह सुविधा माल पर सेल्समैन की नौकरी करता है। गत 8 अप्रैल को देर शाम करीब आठ बजे वह अपनी बाइक पर सवार होकर स्टेशन की तरफ आया था। काम पूरा होने के बाद जब वापिस जाने लगा तो कार ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसे काफी चोटे आई। हादसे के बाद कार चालक कार सहित फरार हो गया।

# 'संविधान को कुचलने व लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिश रच रही बीजेपी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिद्धार्थ राव बहादुरगढ़:**

**बीजेपी संविधान को** कुचलने और लोकतंत्र का गला घोटने की साजिश के तहत आगे बढ़ रही है। लेकिन कांग्रेस व देश की जनता बीजेपी के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। यह कहना है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का। दीपेंद्र हुड्डा आज बहादुरगढ़ में हुए आशीर्वाद समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। इसका आयोजन राजेश जून द्वारा किया गया। समारोह में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर सांसद दीपेंद्र उत्साहित नजर आए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वो इसी जनसमर्थन के दम पर प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं, बीजेपी सत्ताबल, धनबल, साजिश और षड्यंत्र बल के दम पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। उसके पास गिनवाने के लिए ना कोई काम है और ना ही बताने के लिए कोई



उपलब्धि। लेकिन कांग्रेस अपने विकास कार्यों का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच जा रही है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बतौर लोकसभा सांसद अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बहादुरगढ़ में मेट्रो लाने से लेकर कॉलेज, न्यूक्लियर रिसर्च संस्थान, कैंसर इंस्टीट्यूट, आईटीआई, स्कूल, बाईपास व पुल बनवाने समेत कई कार्य किए। इतना ही नहीं मेट्रो को सांखोल गांव तक लाने, अंडरपास और दूसरी तरफ के बाईपास को भी कांग्रेस सरकार के दौरान मंजूरी मिल चुकी थी। लेकिन उसके बाद सरकार बदल गई। बीजेपी ने बहादुरगढ़ समेत पूरी रोहतक लोकसभा के साथ इस कद्र भेदभाव किया कि कांग्रेस विकास के जिन कार्यों जहां छोड़कर गई थी, 10 साल बाद भी वो वहीं अटके पड़े हैं। बीजेपी के मौजूदा सांसद और साढे नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर ने कभी बहादुरगढ़ का संज्ञान नहीं लिया। लेकिन इसबार रोहतक लोकसभा की जीत विधानसभा चुनावों के नतीजे को तय करगी। प्रदेश में एकबार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी और मेट्रो को रोहतक तक लेकर जाने, अंडरपास, दूसरी तरफ के बाईपास व दिल्ली की तर्ज पर बहादुरगढ़ का रिंग रोड बनाने के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। आशीर्वाद सम्मेलन के बाद सांसद दीपेंद्र ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर हुए कार्यक्रम में भी शिरकत की।

उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ने जय भीम का उद्घोष करते हुए भीमराव अंबेडकर को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में बने हमारे संविधान पर बतौर सदस्य उनके दादा चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा के भी हस्ताक्षर हैं। उन्हें इस बात का गर्व है।

## निशान लेकर माता भूरा भवानी मंदिर पहुंचे श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शहर** से निशान झंडा लेकर माता रानी के जय जयकार करते हुए महिला श्रद्धालुओं का एक जत्था डॉ. नेहा यादव के नेतृत्व में माता भूरा भवानी मंदिर में अपनी आस्था लेकर पहुंचा।मंदिर कमेटी सदस्य मुकेश चौहान व पुजारी रतनलाल ने बताया कि नवरात्रों में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर और क्षेत्र के आसपास के गांवों से श्रद्धालु सुबह-शाम दोनों समय माता के दर्शन करने, झंडा चढ़ाने व पूजा अर्चना करने आ रहे है। माता भूरा भवानी के दर पर जो सच्चे मन से आता है, माता रानी उनकी मनोकामना जरूर पूरी करती है। सरकारी अस्पताल की महिला विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नेहा यादव के साथ नर्सिंग ऑफिसर सुनीता, नर्सिंग ऑफिसर सुनीता रिवासा, भूमिका, बीना, बंशीलाल एडवोकेट, कमलेश यादव, सुमन यादव, संतोष यादव, शर्मिला यादव, प्रेमप्रकाश आदि श्रद्धालुओं ने माता रानी का आशीर्वाद लिया।

### अवैध हथियारों सहित आरोपित काबू

**सोनीपतः क्राइम यूनिट** सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित उर्फ चेला निवासी गोपालपुर खरखौदा का है। जांच अधिकारी अजय ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बहालगढ़ रोड पर दीवान फार्म के पास मौजूद थी। उसी दौरान संदिग्ध हालत में युवक घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाश ली, तो उसके पास देशी पिस्तौल बरामद हुआ। वहीं हथियार को चैक करने पर उसके जेबर में एक रौंद लोड मिला। उसके खिलाफ सेक्टर-27 थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया।

## गाँव खांडा में रामलला की भव्य कलश यात्रा निकाली

**खरखौदा/सोनीपत/**

**सोमपाल सैनीः शनिवार को खरखौदा** के गाँव खांडा के निमोर्ही अखाड़े द्वारा मठ में रामनवमी के दिन भगवान श्री राम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसके लिए आज हजारों महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। भगवान रामलला की विग्रह प्रतिमा ने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया। हजारों महिलाओं ने कलश नारियल के साथ इस भव्य यात्रा में भाग लिया। हाथ में स्वर्ण धनुष बाण लिए रामलला के विग्रह को धोती कुर्ते और वृंदावन से आई हुई मालाओं और आभूषणों से सजाया गया था। मूर्ति के आभामंडल में स्वर्ण प्रभावली में रामायण के 12 चित्र उकेरे गए हैं। इन चित्रों में भगवान



राम के जन्म से लेकर जल समाधि तक के सभी महत्वपूर्ण दृश्य दिखाए गए हैं। ऐसा लगता है कि जैसे 12 चित्रों में ही संपूर्ण रामायण को समायोजित कर लिया गया हो। इस भव्य शोभा यात्रा से कई घंटे तक पूरा वातावरण राममयी हो गया। कलश यात्रा को लेकर महिलाओं में बेहद उत्साह देखा गया भव्य यात्रा से घंटे पहले ही महिलाएं हरियाणवी पोशाक और पीले वस्त्र से श्रृंगार करके निरमोहिया अखाड़ा मठ पहुंच गई। लगभग सभी महिलाओं ने भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए उपवास रखा। शोभा यात्रा के दौरान राममयी भजनों से वातावरण गुंजमान रहा। भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी डॉ राज सिंह ने निमोर्ही अखाड़े की और से इस भव्य यात्रा की अगुवाई की गई।

### मेडिकल स्टोर पर हुई लूट

**सोनीपतः मुख्यमंत्री मनोहर लाल** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने सिक्का कॉलोनी में मेडिकल स्टोर पर हुई लूट, दिल्ली रोड पर सेनेटरी की दुकान में हुई चोरी तथा मॉडल टाउन में मंदिर में रखे दीये से लगी आग के पीड़ितों से मिलकर उचित कार्रवाई एवं मदद का आश्वासन दिया। घटना की सूचना मिलने पर शनिवार को राजीव जैन मौके पर पहुंचे और विस्तार से जानकारी ली। सिक्का कॉलोनी सिथत ऐस०के० मेडिकोज के मालिक फकीर चंद ने बताया कि गत रात्रि मेरा भाई संजय दुकान पर बैठा था कि अचानक दो युवक दुकान पर आये और आते ही युवकों ने पिस्तौल के बल पर नकद राशि लूटने का काम किया। इसी तरह तीन दिन पहले दिल्ली रोड पर सिथत गणेश

सैनेटरी एन्ड हार्डवेयर की दुकान में चोरों ने सेंध लगाकर नकद राशि ले जाने का काम किया। दोनों घटनाओं में चोर सीसीटीवी कैमरों की डीवीआईआर भी उठा ले गए। मॉडल टाउन में मंदिर में रखे दीपक से लगी आग के कारण कपडे, बिजली के उपकरण तथा नकद राशि जलकर राख हो गई। मालिक दीपक तथा गौरव ने बताया कि हमारी बहन दीपक रखकर बाहर गई थी कि अचानक भरी आग लग गई। घटना स्थल पर मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा, नरेश मल्होत्रा, सन्नी चोपड़ा, रजनीश कुमार, गुलशन कुमार, राजू खुराना, गौरव वर्मा, प्रदीप, सतबीर, विक्की, चंद्र, संजय आदि आसपास के दुकानदार उपस्थित रहे।

## स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए: देवेंद्र

### रक्तदान शिविर में 121 यूनिट ब्लड एकत्र, रक्तदाताओं को किया सम्मानित

**गन्नौर ।**

**श्री दिगंबर जैन** तीर्थ सोरभांचल सेवा समिति व भाविप वीर सावरकर शाखा, गन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सीसीएएस जैन स्कूल के प्रांगण में दंत रोग जांच व रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटरी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र



कादियान ने फीता काटकर किया और खूनदानियों को बैज लगा उनका हौसला बढ़ाया। रक्तदान करने पर युवाओं को प्रशंसा पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस कैंप में 25 रोगियों ने दांतों का चेकअप कराया और 121 यूनिट यूनिट ब्लड एकत्र हुआ। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने कहा कि रक्तदान की एक बूंद किसी के बहुमूल्य जीवन को बचाता है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता, केवल एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति को रक्त दे सकता है। कैंप में आयोजकों ने मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान का बुके से स्वागत और चद्दर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आनंद जैन, अरिंजय जैन, भूषण भाटिया, एसके मल्होत्रा, वरुण शर्मा, बिजेंद्र सरोहा, पियुष जैन, डा. दीपाली, डा. लोचब, आशीष जैन आदि मौजूद रहे।

## स्कूलों के वाहनों की चैकिंग का कार्य निरंतर जारी, अनियमितताओं पर हो रही है कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार** ने कहा कि सभी उपमण्डल अधिकारियों (ना०) व आरटीए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे अलग-अलग टीम बनाकर जिला में चैकिंग अभियान शुरू करें और स्कूलों के वाहनों की निरंतर चैकिंग करें और अनियमितताएं मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वाहनों के माध्यम से स्कूल जाने वाले बच्चों के सुरक्षित सफर को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जो भी स्कूल



बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से निर्धारित मानकों को पूरा करता नहीं पाया गया तो उस पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आरटीए संजय कुमार ने बताया कि उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में आरटीए विभाग के अधिकारियों द्वारा शनिवार को जिला में स्कूली वाहनों की चैकिंग की गई और वाहनों में अनियमितताएं मिलने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गई।

## 'सभी सम्पन्न व्यक्तियों को समाजसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग करना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः सभी** साधन सम्पन्न व्यक्तियों को समाजसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग करना चाहिए ताकि समाज के हर गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। यह उद्गार शहरी विधायक प्रमोद विज, विजय जैन पूर्व निगम पार्षद एवं समाजसेवी अशोक बांगा ने श्री राधा माधव कल्याण समिति ;रजि०द्ध द्वारा 13वें वार्षिकोंत्सव पुस्तक वितरण समारोह जट्टू राम मैहता चौंक स्थित बिरादरी बारात घर में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर भाजपा तहसील मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया, पूर्व पार्षद



अंजली शर्मा, पूर्व पार्षद रविन्द्र नागपाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज ने अपने सम्बोधन में श्री राधा माधव कल्याण समिति ;रजि०द्ध द्वारा पुस्तकें वितरण समारोह की भूरि-भूरि प्रंशसा करते हुए कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति है और हरियाणा इस भारतीय सभ्यता और संस्कृति की जन्म स्थली है। विजय जैन निगम पार्षद ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

**आह्वान**

**8 गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े**

आहवान को श्री राधा माधव कल्याण समिति द्वारा सार्थक करते हुए गरीब परिवारों की बच्चियों को पढ़ाई में सहयोग करने हेतू समय-समय पर पुस्तकें एवं यूनिफार्म व जूते देकर सराहनीय कार्य रही है। इस अवसर पर मुख्यअतिथियों द्वारा 10 प्राईवेट स्कूलों के 150 गरीब छात्र-छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गई। अन्त में समिति के प्रधान हुकम चन्द मैहता ने आये हुये सभी मुख्य अतिथियों, स्कूलों के अध्यापकों व अन्य गणमान्य लोंगों का समारोह में पहुंचने पर धन्यवाद किया एवं समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथियों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हुकम चन्द मैहता, विजय छाबड़ा, सतीश मैहता, बलदेव वासन,संजय मैहता, पंकज खुरसीजा, धर्मपाल चोपड़ा, चिमन लाल वर्मा, अशोक गुम्बर, महक दीवान, लवली सेठी, जतिन राणा, कंवलजीत सिंह, विक्की खुराना, डा. रमेश मैहता, वेद प्रकाश, जवाहर लाल शर्मा, श्याम लाल कालड़ा, राजेश बतरा, केवल कृष्ण वर्मा, विरेन्द्र तनेजा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पुरखास गांव में व्यक्ति की ईंट से पीट कर की निर्मम हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः पुरखास धीरान गांव** में खेड़े वाले जोहड़ के निकट शुक्रवार देर रात अज्ञात ने ईंटों से पीट-पीट कर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक 45 वर्षीय यशबीर पुरखास धीरान गांव का रहने वाला था। शनिवार की सुबह यशबीर का शव जोहड़ के निकट पंचायत जमीन में बने एक खाली प्लाट में बनी झोपड़ी में पड़ा हुआ मिला। मामले की सूचना पाकर थाना गन्नौर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेने के बाद नमूने एकत्रित करने के लिए एफएसएल टीम व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया। नमूने एकत्रित करवाने के बाद



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई सुभाष की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत में सुभाष ने बताया कि वह हाल में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली कराला में किराये पर रहता है। शनिवार को उसे सूचना मिली थी कि उसके बड़े भाई यशबीर की हत्या कर दी गई। इस पर वह मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसके भाई का शव पंचायत जमीन में बने एक खाली प्लाट में बनी झोपड़ी में चारपाई पर पड़ा हुआ था। सुभाष का आरोप है कि किसी अज्ञात ने उसके भाई की हत्या की है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**गंभीर चोटों के निशान, शराब की बोतलें भी मिली**

एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि मृतक यशबीर के माथे व दाहिने कान व दाहिने हाथ पर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। मौके पर पुलिस टीम को देशी शराब की खाली बोतलें, गिलास व पानी की बोतल भी मिली है।

पुलिस को मौके से खून से लथपथ ईंट भी मिली, जिससे यह प्रतीत होता है पहले बैठ कर शराब पी गई। इसके बाद झगड़ा होने पर अज्ञात ने ईंट से यशबीर पर हमला किया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही हत्यारोपित का पता लगा कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार यशबीर पेशेवर पहलवान था। पहलवानी में उसने खूब नाम कमाया था।

जिसकी वजह से रेलवे में टीटी की नौकरी भी मिली, लेकिन किन्हीं कारणों के चलते यशबीर को नौकरी छोड़नी पड़ी। नौकरी छोड़ने के बाद वह शराब पीने का आदी हो गया। उसके शादी भी नहीं हुई। वह गांव में ही छोटा मोटा काम अपना गुजारा चलाता था।

## रोहित की हत्या में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, मुख्य आरोपित मोनू फरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः गन्नौर थाना पुलिस** ने रोहित की हत्या में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकुश व सागर गांधी नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं मुख्य आरोपित मोनू अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में सामने आया है कि मोनू ने चाकू खरीद कर आरोपित सागर के पास रखा था। जब मोबाइल सिम को लेकर मोनू की रोहित के साथ कहासुनी हुई तो मोनू अपने साथी सागर व



अंकुश के साथ मिल कर रोहित की हत्या की योजना बनाई। इसके बाद वह तीनों मोटरसाइकिल पर सवार हो कर रोहित के घर के बाहर पहुंचे। मोनू ने सागर से अपना चाकू लिया और रोहित के घर घुस गया। इसके बाद मोनू ने रोहित पर चाकू ताबतोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से अपने दो साथियों सहित मोटरसाइकिल पर फरार हो गया।

# सियासत की आभासी जंग में भाजपा-कांग्रेस आगे

## मतदाताओं तक सीधे पहुंच बनाने वाले इस प्लेटफॉर्म पर दिल्ली में मुकाबला अभी भाजपा व कांग्रेस के बीच दिख रहा है

**डिजिटल एड**

**8 जानकारों के अनुसार आभासी दुनिया में पार्टियां तीन तरीके से मतदाताओं तक पहुंच रही हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव की आभासी सियासी जंग भी बेहद दिलचस्प है। मतदाताओं तक सीधे पहुंच बनाने वाले इस प्लेटफॉर्म पर दिल्ली में मुकाबला अभी भाजपा व कांग्रेस के बीच दिख रहा है। गूगल एड व मेटा के सियासी विज्ञापन इसका सहारा बने हैं। आने वाले दिनों में इसमें बढ़ोतरी की उम्मीद है। जानकारों के अनुसार आभासी दुनिया में पार्टियां तीन तरीके से मतदाताओं तक पहुंच रही हैं। इसमें दो बड़े प्लेटफॉर्म गूगल एड और मेटा है। पार्टियां दोनों प्लेटफॉर्म पर लुभावने विज्ञापन दिखाकर मतदाताओं को अपने हक में लामबंद करने की कोशिश कर रही हैं। इसकी एवज में राजनीतिक दलों को खर्च भी करना पड़ता है। तीसरा तरीका एन्फ्लूएंसर होता है, जिस पर होने वाले खर्च का पता करना पाना आसान नहीं होता। आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद से भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी इस माध्यम पर भरोसा जताया है। बीते करीब एक महीने में गूगल एड पर कांग्रेस ने 43.07 लाख रुपये व भाजपा ने 56.4 लाख रुपये खर्च किए हैं। वहीं, मेटा पर आंकड़ा क्रमशः पचास हजार व 1.76 लाख रुपये का है। दूसरी तरफ आप ने अभी तक मेटा पर सिर्फ सात लाख रुपये खर्च किए हैं।

**हर दिन औसतन एक हजार डिजिटल विज्ञापन:** गूगल एड ट्रांसपेरेंसी सेंटर की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, राजनीतिक दलों ने चुनाव की घोषणा के दिन से लेकर अब तक दिल्ली में दिखाए जाने वाले 32,336 डिजिटल विज्ञापन जारी किए हैं। इस लिहाज से हर दिन एक हजार और हर घंटे 44 से ज्यादा विज्ञापन यूजर तक पहुंच रहे हैं। इस पर होने वाला खर्च 1.16 करोड़ रुपये है। इस मामले में भाजपा ने सबसे अधिक रुपये खर्च किए हैं। भाजपा ने 16 मार्च से अब तक लगभग 56 लाख रुपये गूगल एड पर खर्च किए हैं, जबकि कांग्रेस ने इस अवधि में 43 लाख रुपये खर्च किए हैं। आप ने अभी तक गूगल एड्स पर भरोसा नहीं जताया है। उधर, मेटा की एड लाइब्रेरी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक माह में 10 अप्रैल तक भाजपा ने केवल इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ऑनलाइन विज्ञापनों में 1.76 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि इस अवधि के दौरान कांग्रेस ने विज्ञापनों पर करीब दस हजार रुपये ही खर्च किए हैं।

हालांकि, आप ने मेटा में रुचि दिखाई है। पार्टी ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सात लाख रुपये खर्च किए हैं।

### एक फोटो विज्ञापन को गूगल ने एक करोड़ बार दिखाया

**दिलचस्प** यह कि यूजर तक पहुंच भी एड लग-अलग रही है। डेटा के मुताबिक, भाजपा के एक फोटो विज्ञापन को गूगल ने एक करोड़ से अधिक बार यूजर को दिखाया है। 23 दिनों में इस पर सिर्फ तीन लाख रुपये खर्च किए। वहीं, कांग्रेस का वीडियो विज्ञापन पांच लाख रुपये खर्च करने पर 45 लाख बार यूजर को दिखाया गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि फोटो विज्ञापन सस्ता पड़ता है,जबकि वीडियो व पॉड कॉस्ट महंगा पड़ता है।

**विज्ञापन में पार्टियों के दावे:** भाजपा का विज्ञापन सकारात्मक व अपनी योजनाओं को प्रचार करने वाला है। साथ में बीच-बीच में दावा भ्रष्टाचार हटाने का भी है। कांग्रेस व आप के ज्यादातर विज्ञापनों में भाजपा व केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया गया है। बीच-बीच में वादे व इरादों पर दोनों दल चर्चा करते हैं।

**एड की पहुंच**

**8 कांग्रेस का वीडियो विज्ञापन पांच लाख रुपये खर्च करने पर 45 लाख बार यूजर को दिखाया गया**

**यूं होता विज्ञापन:** पार्टियां डिजिटल प्लेटफार्म पर क्षेत्र, आयु, वर्ग व पसंद के आधार पर लक्षित समूह बनाती हैं। इसके बाद बजट और उसे चलाने की अवधि भी तय की जाती है। फिर, यह विज्ञापन यूट्यूब वीडियो, वेबसाइट, एप आदि के जरिए यूजर तक पहुंचाता है।

यूजर अपनी पसंद व जरूरत के अनुसार विज्ञापन पर जब अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, तब विज्ञापन का मकसद पूरा हो जाता है।

**संजीदगी से तय होता कंटेंट:** विशेषज्ञ बताते हैं कि आज के दौर में नियम सख्त हैं।

चुनाव आयोग भी निगरानी कर रहा है। ऐसे में विज्ञापन का कंटेंट तय करने में संजीदगी दिखानी पड़ती है। अगर विज्ञापन नियमों को तोड़ता है तो उसे गूगल एड व मेटा से हटा दिया जाता है।

**विशेषज्ञ बोले:** यह आंकड़े आभासी दुनिया की झलक दिखा रहे हैं। गूगल एड व मेटा पारदर्शी तरीके से खर्च को बता देता है। यह भरोसेमंद भी है। लेकिन इसमें दिक्कत यह है कि पार्टी के स्तर पर किया गया खर्च भी रिफलेक्ट होता है। उम्मीदवार के खर्च की जानकारी नहीं मिल पाती। फिर, एन्फ्लुएंसर पर किए गए खर्च को भी नहीं पता किया जा सकता है।

**-अंकित लाल, सोशल मीडिया एक्सपर्ट**

# अखंड ज्योति से बुझी जीवन ज्योति



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के गांधी नगर इलाके में एक इमारत की पहली मंजिल पर कमरे में देर रात अखंड ज्योति से आग लग गई। हादसे में बुजुर्ग महिला सरोज मिश्रा (72) की दम घुटने से मौत हो गई। आग लगते ही महिला के पति सीढ़ियों से बाहर निकल गए। जबकि महिला खुद को बचाने के लिए बाथरूम में चली गई थी। गुरुवार रात करीब तीन बजे पुलिस और दमकल विभाग को रघुवरपुरा के गली नंबर-11 स्थित इमारत में आग लगने की सूचना मिली। आग तीन मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर लगी थी। इमारत में भूतल पर दुकान है। दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। पहली मंजिल के फ्लैट में सरोज मिश्रा पत्नी कृष्णा मिश्रा (76) के साथ रहती थीं। कृष्णा ने बताया कि बृहस्पतिवार रात वह कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2:40 बजे अखंड ज्योति के पास आग देखी। वह तुरंत सीढ़ियों की ओर भागे जबकि पत्नी बाथरूम की ओर चली गई। वह नीचे आ गए, लेकिन पत्नी आग के कारण बाथरूम में फंस गई। दमकलकर्मी तुरंत आग बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में आग पर काबू पाने के बाद दमकलकर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सरोज बाथरूम में अचेत हालत में पड़ी थी। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला की मौत दम घुटने से हुई है।

**दर्दनाक हादसा**

**8 घर में दीये से लगी आग, धुआं देख भागा पति, बाथरूम में दम घुटने से पत्नी की मौत**

# आनंद के आवास के बाहर आप कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली मंत्रिमंडल और पार्टी से इस्तीफा देने के बाद कुछ लोगों ने शुक्रवार को राज कुमार आनंद के पटेल नगर आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। आप ने कहा है कि प्रदर्शन में आप कार्यकर्ता नहीं थे, प्रदर्शन आम जनता ने किया है। उधर दिल्ली सरकार में निवर्तमान मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा है कि प्रदर्शन आम आदमी पार्टी ने किया है।मगर जनता समझ चुकी है अरविंद केजरीवाल और इनकी पार्टी शराब घोटाले में लिप्त है। इसलिए इनके पदाधिकारियों के अलावा जनता का कोई भी आदमी प्रदर्शन में नहीं आया। उधर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले चार साल से आनंद आप के लिए काम कर रहे थे। उन्होंने उन लोगों से कई विकास परियोजनाओं का वादा किया था, जिन्होंने उन्हें वोट दिया था। उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। वहीं एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने कुछ आप कार्यकताओं को हिरासत में लिया था, जिन्हें बात में छोड़ दिया गया।वे बिना किसी अनुमति के आनंद के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

**गिरफ्तारी के विरोध में आप का प्रदर्शन:** पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए आम आदमी पार्टी ने बैनर लगाकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को आईटीओ फुटओवर ब्रिज और प्रगति मैदान फुटओवर ब्रिज पर हाथ में "जेल का जवाब वोट से" का बैनर लेकर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया।

# इंडिया गेट से हर तीसरे दिन गायब हो रहे बच्चे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इंडिया गेट पर सेल्फी लेने के चक्कर में बच्चे गायब हो रहे हैं। यहां हर तीन दिन में एक बच्चा लापता हो जाता है। पुलिस के मुताबिक यहां पहुंचते ही माता-पिता व अभिभावक सेल्फी लेने में व्यस्त हो जाते हैं। इस दौरान बच्चे बैरीकेड से बाहर निकल जाते हैं। बैरिकेड से बाहर निकले बच्चों को ढूंढना बहुत मुश्किल हो जाता है। इन्हें ढूंढने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ती है। नई दिल्ली जिले के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंडिया गेट पर सुबह, दोपहर और शाम को लोग घूमने आते हैं। रात के समय इंडिया गेट और राजपाथ लॉन में लोगों की संख्या खासी बढ़ जाती है। एक जनवरी से लेकर 31 मार्च तक इंडिया गेट से 31 बच्चे गायब हुए। इनमें से ज्यादातर बच्चों की उम्र दो से आठ वर्ष तक की थी। हालांकि राहत की बात यह है कि लापता हुए सभी 31 बच्चों को पुलिस ने कुछ ही घंटों में ढूंढ निकाला। सिर्फ एक दिन तीन वर्ष की बच्ची को ढूंढने में करीब छह घंटे लगे थे। बच्ची इंडिया गेट से बैरिकेड पार कर दूर चली गई थी। बच्ची को इतना याद था कि वह मटका पीर लोने की रहने वाली है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस की सहायता ली और बच्ची की दादी को ढूंढ निकाला।

**मामला गंभीर**

**8 पुलिस के मुताबिक यहां पहुंचते ही माता-पिता व अभिभावक सेल्फी लेने में व्यस्त हो जाते हैं**

# जेल में बंद केजरीवाल को मिलेगी राहत?



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल के बाद भी क्या जेल में रहना होगा या फिर उन्हें राहत मिलेगी, इसका फैसला सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को होगा। केजरीवाल ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी को वैध ठहराने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**इन दो जजों की बेंच करेगी केजरीवाल की याचिका की सुनवाई:** केजरीवाल की याचिका की सुनवाई सोमवार यानी 15 अप्रैल को होगी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच सीएम की याचिका की सुनवाई करेगी।

**इसी दिन राउज एवेन्यू कोर्ट में भी होगी केस की सुनवाई:** दिल्ली के मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत भी 15 अप्रैल को ही खत्म हो रही है, तो उसी दिन सीएम राउज एवेन्यू कोर्ट में भी पेश किए जाएंगे और यहां भी उन्हें बेल देने की मांग हो सकती है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल की यह दलील भी खारिज कर दी थी कि राजनीतिक विद्वेष के चलते उन्हें चुनाव के दौरान गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल की ओर से हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ बुधवार को ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी गई थी और कोर्ट से मामले पर जल्दी सुनवाई की भी गुहार लगाई गई थी। तब कोर्ट ने कोई निश्चित तारीख तो नहीं दी थी, लेकिन उनके वकील से कहा था कि ईमेल भेजें, उस पर गौर किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में केजरीवाल की ओर से कहा गया है कि यह विशेष अनुमति याचिका अत्यंत आपात परिस्थितियों में दाखिल की गई है, क्योंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए की धारा 19 में प्रेरित उद्देश्य से चुनाव के बीच में गैर कानूनी ढंग से गिरफ्तार कर लिया है।

# क्राइम ब्रांच ने पांच आरोपितों को किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से लाखों कीमत की हाई सिक्योरिटी वाली लग्जरी गाड़ियों को चंद सेकंड में हाईटेक टेकनिक से चुराकर पंजाब और दूसरे राज्यों में बेचने वाले एक बड़े गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस संबंध में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनमें तीन रिसीवर और दो ऑटो लिफ्टर हैं। पुलिस ने इस मामले में 2 करोड़ से ज्यादा कीमत की 14 गाड़ियां बरामद की गई है। जिसमें हुंडई क्रेटा और किया सेल्टोस आदि शामिल हैं। गैंग का मास्टरमाइंड हरप्रीत पंजाब के पटियाला का रहने वाला है, यह बी.टेक पास इंजीनियर है। जबकि इसके साथ गाड़ी चोरी करने वाला आरोपित उत्तराखंड के हरिद्वार का रहने वाला है। गिरफ्तार तीन रिसीवर सुखदेव, मंदीप और अमनदीप पंजाब के अमृतसर और तरणतारण के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय सेन ने बताया कि एसीपी सुशील कुमार की देखरेख में टीम ने 14 लग्जरी गाड़ियों के अलावा हाई टेकनिक टूल्स, फेक आरसी, 60 से ज्यादा ब्लैक चाभियां, गाड़ी खोलने के इस्तेमाल में किए जाने वाला ड्रिल मशीन, स्क्रू ड्राइवर, अंधेरे में इस्तेमाल के लिए टॉर्च, मैकेनिकल चाभी, टैबलेट इत्यादि भी बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि हरप्रीत पर अकेले 40 मामले पहले से दर्ज हैं और यह तीन मामलों में कोर्ट के द्वारा भगोड़ा भी घोषित था। यह गैंग चार महीने के अंदर 50 से 60 गाड़ियां दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से चोरी करके पंजाब के अलावा मेरठ में भी भेज चुका है। जो गाड़ियां बरामद की गई है, वह दिल्ली के राजेंद्र नगर, राजौरी गार्डन, नारायना, मॉडल टाउन, शालीमार बाग, पश्चिम विहार वेस्ट, जनकपुरी, मुखर्जी नगर और प्रशांत विहार थाना इलाकों से चुराई गई थी।

**काबू**

**8 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनमें तीन रिसीवर और दो ऑटो लिफ्टर हैं**

# तिहाड़ जेल में सीएम अरविंद केजरीवाल हो रहे प्रताड़ित: सांसद संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह ने कहा है कि जेल के अंदर अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनका मनोबल तोड़ने का काम किया जा रहा है। न्यूनतम सुविधा जो मिलती है, उसे भी छीना जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात जंगले यानी विंडो के जरिए कराई जा रही है। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा की अगुवाई में ऐसा काम हो रहा है जो तिहाड़ जेल के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा। अधिकारी मोहरा हैं, जो उनके आका आदेश देते हैं वही काम करते हैं। मुलाकात को लेकर जेल का नियम 602 और 605 ये कहता है कि किसी की भी मुलाकात फेस टू फेस कराई जा सकती है। ये अधिकारी जेल प्रशासन को होता है। केजरीवाल की पत्नी व पूरा परिवार चिंतित है, माता पिता बीमार हैं। हालचाल जानने के लिए जब अरविंद केजरीवाल की पत्नी मुलाकात के लिए आवेदन करती हैं तो उनसे कहा जाता है फेस टू फेस मीटिंग नहीं कर सकते हैं। आपको जंगले यानी कि विंडो से मुलाकात करनी होगी। इसके बीच शीशा होगा। संजय सिंह ने कहा कि इतना अमानवीय व्यवहार हो रहा है।" जबकि सैकड़ों मुलाकातें फेस टू फेस बैठाकर कराई जाती हैं, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री की मुलाकात उनकी पत्नी से जंगले से होगी। जबकि खूंखार अपराधियों की मुलाकात भी बैरक के अंदर होती है। उन्होंने कहा कि "पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मुलाकात कराई जाने का आवेदन किया गया गया। इसके बाद हमारे वकील को टोकन नंबर 4152 दे दिया जाता है, अचानक मुलाकात के एक दिन पहले मुलाकात को कैंसिल कर दिया जाता है। हवाला दिया जाता है कि सुरक्षा कारणों से शार्ट नोटिस पर मुलाकात नहीं कराई जा सकती है।

**भगवंत मान भी फिजिकल मुलाकात नहीं कर सकेंगे:** संजय सिंह ने कहा कि अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी जंगले से ही अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करनी होगी। फिजिकल मुलाकात नहीं कराई जाएगी, वे तिहाड़ जेल के प्रशासन, देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से पूछना चाहता हैं कि एक नाम बताएं जिनकी जेल में मुख्यमंत्री की मुलाकात जंगले से कराई गई हो। यह मुख्यमंत्री को मानसिक रूप से परेशान करना चाहते हैं। संजय सिंह ने कहा कि वे दिल्ली के सांसद हैं, जेल में उन्हें निर्वाचित मुख्यमंत्री से नहीं मिलने दिया जा रहा है। नियम कानून का तमाशा बना दिया गया है। वहीं इसी जेल में सुब्रतो राय सहारा थे तो उनकी मुलाकात आमने सामने बैठकर मुलाकात होती थी। इंटरनेट फोन की भी सुविधा थी। चंद्रा ब्रदर इसी जेल में बकायदा मीटिंग करते थे।



**गंभीर आरोप**

**8 उनका मनोबल तोड़ने का काम किया जा रहा है। न्यूनतम सुविधा जो मिलती है, उसे भी छीना जा रहा**

# जल्द ही आम लोगों के लिए खुलेगा हेरीटेज पार्क



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के चौथे वेस्ट टू आर्ट पार्क बने हेरीटेज पार्क को जल्द ही नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा। आचार संहिता लागू होने से पहले ही इसका उद्घाटन हो चुका है। चूंकि प्रवेश की दरें तय नहीं हुई थी तो अभी यह नागरिकों के लिए नहीं खुला था। निगम ने प्रवेश की दरों को तय कर दिया है। वेस्ट टू वंडर पार्क में जो शुल्क है, वहीं शुल्क यहां लगेगा। एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पार्क में प्रवेश की दरें तय हो गई हैं। तीन साल तक के बच्चे के लिए प्रवेश इसमें निःशुल्क होगा, जबकि तीन से 12 वर्ष के बच्चे के लिए 25 रुपये का शुल्क होगा। 12 से 65 वर्ष के आयु वर्ग के लिए 50 रुपये का शुल्क होगा। 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के प्रवेश निश्शुल्क है। सप्ताहांत में यह तय शुल्क के दाम दोगुने हो जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अजमल खां पार्क में वाटिका में हेरीटेज पार्क वेस्ट टू आर्ट थीम पर तैयार किया है। इस पार्क में यूनेस्को की सूचि में शामिल भारत की ऐतिहासिक इमारतों और स्थलों की प्रतिकृतियों को कबाड़ से बनाया गया है। इसमें 200 टन के करीब पुराने लोहे की टीन, साइकिल, कारों के पूर्जों को शामिल किया गया है। साढ़े

**उद्घाटन**

**8 आचार संहिता लागू होने से पहले ही इसका उद्घाटन हो चुका है। तो अभी यह नागरिकों के लिए नहीं खुला था**

# लुटियंस दिल्ली में भी नजर आएगा घंटाघर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 1980 से पहले जिस प्रकार से नई दिल्ली टाउन हॉल में घंटाघर हुआ करता था, वैसा ही घंटाघर अब लुटियंस दिल्ली में नजर आएगा। हालांकि यह कहां होगा, अभी इसके लिए स्थान चिह्नित नहीं हुआ है, लेकिन उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर एनडीएमसी उस उपयुक्त जगह को ढूंढने में लगी है। संभवतः यह स्थान कनॉट प्लेस या इसके आस-पास के इलाकों में ही हो सकता है। जहां पर आसानी से रोड से गुजरने वाले लोगों को वह घंटाघर समय बताएगा। एनडीएमसी की कोशिश हैं कि ऐसे स्थान पर यह घंटाघर बनाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इससे समय देख सकें।

**एलजी सक्सेना घंटे के लिए ढूंढ़ रहे जगह:** एनडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर जगह ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) का मुख्यालय पालिका केंद्र जहां हैं वहां पर पहले नई दिल्ली टाउन हॉल नाम से एक इमारत एनडीसीसी फेज -2 की जगह हुआ करती थी।

**ब्रिटेन की रेलवे कंपनी ने इन घंटों का किया था निर्माण:** 1933 में वह इमारत बनी थी। जिसमें ऊपर घंटाघर बना हुआ था, जिसमें 4 भारी भरकम घंटे भी लटके हुए थे।



**जगह की तलाश**

**8 उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर एनडीएमसी उस उपयुक्त जगह को ढूंढने में लगी है।**

# प्रेमिका ने तोड़ा दिल, प्रेमी ने दोस्त का फोड़ा सिर और रेत दिया गला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महिला के चक्कर में दोस्त ने पहले दोस्त का पत्थर से सिर फोड़ा, फिर चाकू से गला काटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली के भेमगंज के आशीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोस्त की हत्या करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित सुरेश गंगवार उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के धनेरी गांव का रहने वाला है और दिल्ली की निजी कंपनी में सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहा था।

**महिला आशीष से दूरी बना ली:** महिला पहले आशीष की प्रेमिका थी और बाद में आशीष से दूरी बनाकर वह सुरेश की प्रेमिका बन गई थी। दोस्त द्वारा धोखा दिए जाने और प्रेमिका द्वारा दिल तोड़े जाने से आशीष काफी नाराज था। आरोप है कि आशीष के पास उस महिला की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें थी। महिला के उससे दूर चले जाने के बाद उन तस्वीरों को वह महिला को भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था। समझाने पर भी जब वह नहीं माना तो दोस्त ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित के पास से चाकू बरामद कर उसे जेल भेज दिया है।

**आशीष और सुरेश राजस्थान आ गए:** आशीष और सुरेश दोनों असम स्थित निजी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। इस दौरान उनके बीच गहरी दोस्ती हो गई थी। उस समय आशीष सुरेश के मोबाइल का इस्तेमाल कर अपनी प्रेमिका आशा (बदला हुआ नाम) से बातचीत करता था। आशा भी आशीष से बात करने के लिए सुरेश के मोबाइल नंबर पर कॉल करती थी। तभी सुरेश की भी आशा से जान-पहचान हो गई थी। इसी बीच आशीष और सुरेश दोनों ने राजस्थान के अजमेर में काम करना शुरू कर दिया। यहां पर सुरेश का कंपनी में कुछ विवाद हो गया तो वह वहां से काम छोड़कर दिल्ली की एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर के रूप में काम करने लगा।

**आशा सुरेश के ज्यादा करीब आ गई:** आशीष अजमेर में और सुरेश दिल्ली में था, तो प्रेमिका दोनों से बात करती रही। धीरे-धीरे उसने आशीष से दूरी बनानी शुरू कर दी और सुरेश के ज्यादा करीब आ गई। प्रेमिका द्वारा दिल तोड़े जाने व दोस्त द्वारा धोखाधड़ी किए जाने से वह काफी गुस्से में रहने लगा।



# अग्रवाल धर्मशाला निकट रेलवे स्टेशन में दूसरे तल के निर्माण की आधारशिला रखी गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: श्री वैश्य** अग्रवाल पंचायत द्वारा संचालित रेलवे रोड़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दूसरे तल का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के मीडिया प्रभारी मुनीष मित्तल ने बताया कि बैसाखी के पावन अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला में दूसरे तल के निर्माण कार्य की आधारशिला संस्था के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता द्वारा रखी गई। दूसरे तल पर 16 वातानुकूलित कमरों का निर्माण किया जाएगा। संस्था के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल धर्मशाला में 45 वातानुकूलित कमरे, 10 साधारण



कमरे एवं दो वातानुकूलित हाल यात्रियों के लिए बनाए हुए हैं। लेकिन जरूरत को देखते हुए 16 कमरों का और निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इस कार्य के शुभारंभ के अवसर पर समाजसेवी एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव सीकरी द्वारा अपने बुजुर्गों के नाम से एक कमरा बनवाने की घोषणा की। इसके साथ ही वातानुकूलित हाल का भी नवीनीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत सदैव समाज सेवा के कार्यों में

**निर्माण कार्य**

**8 चाहे कोई भी प्राकृतिक आपदा हो, सदैव जिला प्रशासन के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलती है**

अग्रणी भूमिका अदा करती है। चाहे कोई भी प्राकृतिक आपदा हो, सदैव जिला प्रशासन के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलती है। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा कोरोना काल एवं बाढ़ के समय भी पूर्ण सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सैक्टर 8 में महाराजा अग्रसेन भवन का निर्माण कार्य भी आरम्भ किया जाएगा, जिसके लिए कमेटी अपना कार्य कर रही है। इस अवसर पर संस्था की कार्यकारिणी सदस्य राज कुमार मित्तल, अशोक गर्ग, भरत लाल भरतू, अश्विनी जिंदल, अंशुल बंसल के साथ साथ अशोक गोयल, राजेश सिंगला, नरेश गर्ग, सी.पी. गुप्ता, संजीव सीकरी , विजय गर्ग, अग्रोहा धाम वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, संस्था के पूर्व कोषाध्यक्ष राम कुमार गोयल, विनय गुप्ता, योगेश गर्ग, अश्विनी गुप्ता, पुनीत गुप्ता, विंकल गुप्ता, पवन गुप्ता, संस्था के आडिटर रमेश सिंघल, प्रवीण गोयल, मयूर गुप्ता, विकास बंसल, विनोद सिंगला, गुरचरण सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

# अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी और अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: अपोलो इंटरनेशनल** स्कूल बड़ी में "बैसाखी" और "अंबेडकर जयंती "बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई । जिसमें कक्षा आठवीं और नौवीं के छात्र और छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने बैसाखी ,डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर कविता, लघु नाटिका ,नृत्य,प्रश्नोत्तरी , भिन्न-भिन्न कहानियां सुना कर सभी का मन -मोह लिया। बैसाखी के पर्व पर छात्र और छात्राओं ने "पंजाबी गिद्दा "और उनकी पोशाकों को धारण कर बेहद खूबसूरती के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए सभी को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। स्कूल की प्राचार्या "रजनी शर्मा ने "डॉक्टर




भीमराव अंबेडकर' की मूर्ति को पुष्पांजलि देते हुए बच्चों को संबोधित करते हुए कहा -कि "डॉक्टर भीमराव अंबेडकर "हमारे देश के कानून निमार्ता है ।आज हर बच्चे को कानून का पालन करना चाहिए समाज में सभी कुरीतियों को दूर करने में सहयोग भी देना चाहिए । बेशाखी के बारे में प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने बच्चों को किसानों के बारे में बताया और अनाज की बहुमूल्यता के ऊपर भी ध्यान आकृष्ट किया। कोऑर्डिनेटर अनीता यादव के साथ स्टाफ विद्यालय में मौजूद था।

## न्यूज फ्लैश

### दुकानदार के कारिंदे से दो हजार रुपये लूटे, विरोध पर चाकू से हमला

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र के** प्याऊ मनियारी स्थित मनी ट्रांसफर की दुकान पर काम करने वाले युवक से दो बदमाशों ने दो हजार रुपये की नकदी लूट ली। कारिंदे ने लूट का विरोध किया तो युवकों ने सब्जी काटने के चाकू व लात-घुस्सों से हमला कर दिया। जिससे कारिंदा घायल हो गया। शोर मचाने पर युवक भाग निकले। पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बूढ़ी पैमार बिहार हाल में कुडली निवासी सचिन कुमार ने बताया कि वह प्याऊ मनियारी में मिंटू कुमार की मनी ट्रांसफर की दुकान पर काम करता है। वह दुकान पर बैठे था। इस बीच बाइक सवार दो युवक दुकान पर पहुंचे। एक युवक के हाथ में सब्जी काटने का चाकू था। उन्होंने आते ही उनसे दो हजार रुपये छीन लिये। उन्होंने नकदी लूटने का विरोध किया तो एक युवक ने हाथ में लिए चाकू से उनकी गर्दन, कंधे व सीने पर वार कर दिए। दूसरे आरोपी ने लात-घुस्से मारने शुरू कर दिए। उनके शोर मचाने पर वह भाग गए। दुकान संचालक ने घायल सचिन को अस्पताल पहुंचाया। उसके बाद कुंडली थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सचिन के बयान पर दोनों युवकों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी की मदद से युवकों की पहचान का प्रयास कर रही है। जल्द से जल्द आरोपितों की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग, दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर पाया काबू

**सोनीपत: सिविल लाइन थाना क्षेत्र** में गीता भवन चौक के पास पार्किंग में खड़ी दु कानदार की ब्रेजा गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग लगी देख आसपास के दुकानदारों ने मामले से दमकल विभाग की टीम को अवगत कराया। टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार ढांचा बन चुकी थी। मसद मोहल्ला निवासी राजकुमार ने बताया कि वह एटलस रोड पर दुकान चलाता है। उसने अपने मकान के पास गीता पार्किंग में हर रोज ब्रेजा कार को खड़ी करता है। शुक्रवार शाम उन्हें सूचना मिली कि कार में आग लगी हुई है। वह मौके पर पहुंचे तो कार धू-धू कर जल रही थी। इसी दौरान मार्केट के पूर्व प्रधान नरेंद्र ने दमकल विभाग की टीम को अवगत कराया। जिस पर अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार जल चुकी थी। राजकुमार ने अंदेशा जताया कि जहां कार खड़ी थी उसके पास ही कूड़ा पड़ा था। उन्हें शक है कि कूड़े में आग लगने के बाद वह कार तक पहुंच गई। आग से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। जिला दमकल अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही गाड़ी मौके पर पहुंची। उसके बाद आग पर काबू पाया गया।

### दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सिविल लाइन थाना** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक निवासी चटिया औलिया का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। न्यू ब्रह्म कॉलोनी निवासी सूर्यकांत ने गत 9 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह फैज बाजार में पंसारी की दुकान पर सामान लेने के लिए गया हुआ था।

किसी ने उसकी बाइक को दुकान के बाहर से चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक अनिल की टीम ने आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास से चोरी की बाइक को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर किया हवन

**इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षको ने हवन में पूर्ण आहुति डालकर सुख समृद्धि की कामना की**

**टीम एक्शन इडिया**

**गन्नौर: शास्त्री नगर स्थित** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस और नया सत्र प्रारंभ होने के पर स्कूल के चैयरमेन अशोक वर्मा के दिशा निर्देश पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षको ने हवन में पूर्ण आहुति डालकर सुख समृद्धि की कामना। स्कूल के निदेशक अशोक वर्मा ने कहा कि हर शुभ कार्य की शुरूआत पूर्जा अर्चना के बाद करनी चाहिए। जितना महत्व हवन के दौरान मंत्रोच्चारण से मिलता है, उतना ही ध्यान लगाकर मंत्रो को सुनने से भी



मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्यध्यापिका महक धनखड़ ने कहा कि शिक्षको को नुन्हे बच्चा से स्नेह और मैत्रीपूर्ण ढंग से शिक्षा देनी चाहिए। माता-पिता केवल बच्चे को जन्म देते है जबकि अध्यापक बच्चे के भविष्य को संवारता है। हवन यज्ञ के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। जिसमे शिक्षिका रंजना, सुषमा, गायत्री, रिया आदि ने सहयोग किया।

# किसान के खेत में गुलाब की फोटो खींचना पड़ा महंगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र में किसान** के खेत में गुलाब की फोटो खींचना युवती को मंहगा पड़ गया। आरोप है कि किसान ने उसके साथ अभद्रता की। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद युवती के भाई के बयान पर आरोपित के खिलाफ जाति सूचक शब्द सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक युवक ने बताया कि उसकी उसकी बहन अपनी भतीजियों के साथ गांव के खेतों में गई थी। खेत में गुलाब के फूल देखकर उनके साथ फोटो खींचने लगी। उसी दौरान किसान खेत में आ गया। उसने उसकी बहन व भतीजियों के साथ अभद्रता से बातचीत की। विरोध करने पर उन्हें जातिसूचक शब्द कहे। उन्हें खेत से निकालकर धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सेठी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया दिया गया है।

# बसपा से लोकसभा के चुनाव में मैदाम में उतरेंगे उमेश गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहाना।** बहुजन समाज पार्टी की तरफ से गुहणा के उमेश गहलावत को सोनीपत लोकसभा के लिए मैदान में उतारा जाएगा। यह घोषणा रोहतक में आयोजित एक बैठक में की गई है। उमेश गहलावत सामजिक संगठनों से जुडे हुए हैं। उन्होंने पार्टी का लोकसभा चुनाव की जिम्मेदारी देने पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती व प्रदेश अध्यक्ष रणधीर सिंह बेनीवाल का धन्यवाद किया है। वहीं जिला प्रधान नरेश लाठ ने बताया कि उमेश गहलावत (36) युवा नेता हैं और आम लोगों से जुड़े हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इनकी अच्छी पहचान है। वो मास्टर रामकुमार के परिवार से संबंध रखते हैं। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगडा, प्रदेश सचिव महेंद्र कुहाड, आजाद सहरावत, विनय बौद्ध, अनिल कालसन, देशराज सरोहा व जिले सिंह मौजूद रहे।



# शॉर्ट शर्किट के कारण लगी आग के कारण घर में रखा सारा सामान खाक

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: खेड़ी गुर्जर गांव में** बीती रात शॉर्ट शर्किट के कारण लगी आग के कारण घर में रखा सारा सामान जलने के बाद मकान की छत में लगी कड़ी जलने से पूरा मकान गिर गया। अचानक लगी आग से गरीब परिवार पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा। आग लगने के कारण पीड़ित पवन के परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने पीड़ित पवन के परिवार की शपथ के समय प्रशासन व नेताओं से आर्थिक सहयोग की मांग की है। पवन ने बताया कि बीती रात में दूसरे



कमरे में सो रहे थे जब उन्हें पता लगा तो घर का सारा सामान जल चुका था उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण बैटरी इन्वर्टर ,जूसर मिक्सर ग्राइंडर, सारे बर्तन ,उसके परिवार के पहनने के कपड़े आदि सामान जलकर राख हो गया । पीड़ित पवन ने बताया कि आग लगने के कारण अब उनके परिवार के पास पहनने के लिए कपड़े भी नहीं बचे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पवन मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। आग लगने के कारण उसे इतना नुकसान हो गया कि उसकी भरपाई होना उसके लिए बहुत मुश्किल है।

# दुकान की दीवार तोड़कर चोरी का प्रयास

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र** के गांव बाघडू में दुकान की दीवार तोड़कर चोरी करते हुए आरोपित को रंगे हाथों काबू कर लिया। खेत में फसल कटवाने पहुंचे दो भाइयों ने चोर को काबू कर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित की पहचान अर्जुन निवासी भठगांव के रूप में हुई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव तिहाड़ कलां निवासी सुभाष ने बताया कि उसने बाघडू की जमीन पर किराए की दुकान कर रखी है। शनिवार को वह अपनी दुकान से लगती जमीन पर फसल कटवाने के लिए सुबह 3 बजे खे में आया था।

# नए शैक्षिणक सत्र के शुभारंभ पर हवन यज्ञ का आयोजन

**भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा ने यज्ञ में आहुति डालकर छात्रों को दिया संदेश**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: जीटी रोड स्थित गार्गी** गुरुकुल के प्रांगण में नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन मॉगेराम त्यागी , निर्देशक अनुज त्यागी , मुख्य अध्यापिका प्रिया त्यागी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके हवन यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ वेदी में यजमान के साथ-साथ समस्त स्टाफ एवं छात्र-छ आहुतियां समर्पित कीं। मुख्य अध्यापिका प्रिया त्यागी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों के प्रति अटूट विश्वास एवं



श्रद्धा भाव रखते हुए अधिकतम उपस्थित रहकर अध्ययन करना चाहिए। सभी विद्यार्थी संकल्प लें कि वे मेहनत लगन से शिक्षा ग्रहण करेंगे । भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा ने कहा कि गार्गी गुरुकुल में क्षेत्र व प्रदेश के बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारों की भी शिक्षा मिलेगी। इसके अलावा जो बच्चा स्कूल में रहना चाहता है , ऐसे बच्चों के लिए गुरुकुल में हॉस्टल की भी सुविधा दी गई है । राणा ने कहा कि आज छात्रों में संस्कारों की कमी होती जा रही है गुरुकुल में शिक्षा के साथ संस्कार देने से समाज का उत्थान होगा, बिना संस्कारों के समाज का उत्थान नही हो सकता। हवन यज्ञ मे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र आर्य, हल्का अध्यक्ष नितेश त्यागी, गन्नौर गऊशाला प्रधान कृष्ण राठी, राधेश्याम त्यागी, पवन गुप्ता, धर्मबीर नंबरदार, अभिभावक, अध्यापक गण एवं उपस्थित विद्यार्थियों ने आहुति डाली।

# मोहाना में दुकान के अंदर घुसकर दुकानदार पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना थाना क्षेत्र** के गांव स्थित दुकान में घुसकर दुकानदार व उसके भाई पर हमला कर मारपीट करने जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आय है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर चार युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मोहाना निवासी नरेंद्र ने बताय कि वह गत 10 अप्रैल को करीब 3.15 बजे अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। उसी दौरान उसकी दुकान पर चार लड़के अमित, संदीप, राजबीर, बिच्छू आए। उसके बाद गेट बंद करके उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। उसके साथ मारपीट की। दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा होने के कारण उसे धमकी देकर जाने लगे। उसी दौरान उसका भाई व भाभी आ गए। हमलावरों ने उसके भाई का गला पकड़ लिया। वहीं उसकी भाभी के साथ अभद्रता से बात की। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिले ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ससुराल जा रहा युवक सड़क हादसे का हुआ शिकार, पीजीआई में तोड़ा दम

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने युवक को चपेट में ले लिया। राहगीरों की मदद से घायल को नागरिक अस्पताल सोनीपत में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर-35 सिग्नेचर सोसाईटी करनाल निवासी नेहा शर्मा ने बताया कि उसकी शादी करीब डेढ़ साल पहले गुरूप्रीत के साथ हुई थी। उसका पति गुरूप्रीत घर पर ही रहता था। गत 11 अप्रैल को वह अपनी भतीजी को करनाल से दिल्ली छोड़ने के लिए गई थी। करीब दो बजे उसके पति का फोन आया कि वह दिल्ली आ रहा था। उसके बाद रात एक बजे फोन आया कि उसके पति का एक्सीडेंट हो गया है। उसने जानकारी हासिल की तो पता चला कि गुलशन ढाबे के सामने सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसके पति को चपेट में ले लिया। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे नागरिक अस्पताल सोनीपत में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसके पति की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधि कारी एसआई विजय पाल ने बताया कि वाहन चालक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है।

# मेडिकल स्टोर से हथियार के बल पर लूटी 50 हजार रुपये की नकदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र में देर शाम हुई लूट की वारदात से व्यापारियों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। व्यापारियों ने शनिवार को शहर के बहालगढ़ रोड स्थित दुकान पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया। जहां पुलिस अधिकारियों की तरफ से जल्द से जल्द बदमाशों को काबू करने का आश्वासन दिया गया है। वहीं व्यापार मंडल की तरफ से पुलिस को मंगलवार तक का समय दिया गया है। अगर पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार नहीं कर पाती है, तो व्यापार मंडल की तरफ से बैठक का आयोजन किया जायेगा। अगर पुलिस बदमाशों को काबू कर लेती है, तो पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने का काम व्यापार मंडल लेगा। वहीं अगर पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार नहीं कर पाती है, तो बैठक

**रोष**

**8 व्यापारियों ने शनिवार को शहर के बहालगढ़ रोड स्थित दुकान पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया**

के बाद अहम निर्णय लेकर दुकानदारों व व्यापारियों की तरफ से आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। व्यापारियों की तरफ से पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया है।

**यह था मामला-**

सेक्टर-14 निवासी संजय ने शुक्रवार देर रात को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह सिक्का कॉलोनी में एसके मेडिकल स्टोर के नाम से दवाइयों का होलसेल का काम करते हैं। शुक्रवार रात करीब पौने नौ बजे चार कारिंदे मेडिकल स्टोर पर मौजूद थे। इसी दौरान तीन युवक बाइक पर सवार होकर दुकान पर पहुंचे। तीनों ने मेडिकल स्टोर में पहुंचने के बाद पिस्तौल तान दी। इसके बाद बदमाशों ने धमकी देकर गल्ले से 50 हजार रुपये लूट लिए। उसके बाद बदमाश मौके से भाग गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना कर बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**दुकानदार बोला, शहर में सुरक्षा राम-भरोसे किस पर करे विश्वास-**

शनिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारी व दुकानदार मेडिकल स्टोर पर पहुंचे। जहां पुलिस विभाग के अधिकारी भी व्यापारियों के पास पहुंचे। पुलिस विभाग की तरफ से जल्द से जल्द बदमाशों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। वहीं दुकानदार संजय ने कहा कि बात रुपये की नही है, एक के बाद एक दुकानदार व व्यापारियों को लूटा जा रहा है। पुलिस की तरफ से आशवसन मिलता है। सुरक्षा को लेकर किसके पास जाकर गुहार लगाएं, किस पर भरोसा करें। शहर में सुरक्षा राम-भरोसे चल रही है।

एसीपी के सामने दुकानदार ने खोली पुलिस कर्मचारियों की पोल-

बहालगढ़ रोड पर व्यापारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों की लूट के मामले को लेकर बैठक हुई। व्यापारियों की तरफ से पुलिस को दुकान पर बुलाया गया। जहां एसीपी नरसिंह, थाना प्रभारी सहित सीआईए की टीमें मौजूद थी। बैठक के दौरान दुकानदारों व व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर बातचीत की जा रही थी। उसी दौरान एक दुकानदार ने पुलिस अधिकारी को कहा कि पुलिस कैसे सुरक्षा करेगी। पुलिस के कर्मचारी जूस की रेहड़ी से जूस पीकर जूस का भुगतान तक नहीं करते है, ऐसे में कैसे उन्हें सुरक्षा देने का काम करेगें। एसीपी की तरफ से हा में हा मिलते हुए लूट के मुद्दे पर बातचीत करने के लिए कहा गया। देर शाम लूट की वारदात की सूचना मिली थी। बाइक सवार तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश हथियार सहित दुकान पर पहुंचे थे। डीवीआर को भी चोरी कर-के बदमाश लेकर गए है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। पुलिस टीमों को गठन किया गया है, जल्द से जल्द बदमाशों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**नरसिंह, एसीपी, सोनीपत।**

# इजराइल में इस वक्त युद्ध के हालात, सरकार ने युवाओं को युद्ध में झोंका : अनुराग ढांडा

**प्रेस वार्ता**

**8 *एक अप्रैल को 530 युवाओं का जत्था इजराइल भेजकर मौत के मुंह में झोंका: अनुराग ढांडा***




**टीम एक्शन इंडिया/*कैथल**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शनिवार को कैथल में प्रेस वार्ता की। उनके साथ जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, मास्टर सतबीर गोयत, डॉ. मनीष यादव, अमरीश और शमशेर नैन मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार निरंतर कहती रहती है कि हम हरियाणा में युवाओं को रोजगार नहीं दे सकते। दो लाख सरकारी नौकरियां यहां खाली हैं, लेकिन फिर भी युवाओं को इस्त्राइल भेजा। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ने भी लगातार हर मंच से इस सवाल को उठाया कि इजराइल में इस वक्त युद्ध चल रहा है। हरियाणा के युवाओं को युद्ध में ना झोंका जाए।

उन्होंने कहा कि एक अप्रैल को 530 युवाओं का जत्था इजराइल के लिए रवाना हुआ। वहीं भारत सरकार ने 12 अप्रैल को ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर भारतीय नागरिकों को इजराइल ना जाने को कहा। वहां कभी भी ईरान और इजराइल के बीच युद्ध भड़क सकता है। हरियाणा सरकार ने जानबूझ कर 530 युवाओं को युद्ध में झोंक दिया। क्या मुख्यमंत्री नायब सिंह उनकी जिम्मेदारी लेंगे? या पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल युवाओं की जिम्मेदारी लेंगे?

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ये मांग करती है कि तुरंत दखल देते हुए हरियाणा सरकार को सभी 530 युवाओं को सुरक्षित वहां से निकालना चाहिए। एक साल के अनुबंध करके युवाओं को वहां भेजा गया था। हरियाणा सरकार उनको वहां से निकाले और जो सैलरी उनके कॉन्ट्रैक्ट में थी, वही सैलरी उनको दी जाए और शांति स्थापित होने के बाद उन्हें वापस नौकरी दिलाई जाए।

उन्होंने कहा कि ये बहुत ही गंभीर विषय है। मैं केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार से इस विषय में तुरंत दखल देने की मांग करता हूं। ताकि हरियाणा के युवाओं को किसी खतरे का सामना ना करना पड़े। वहीं उन्होंने कहा इससे पहले हम रूस युद्ध में फंसे कैथल के युवाओं को वापस लाने के लिए कई बार सवाल उठा चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की तरफ से कोई भी पहल नहीं की गई।

# पंजाब यूनिवर्सिटी के रिटायर्ड कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल सत्य पाल जैन से मिला

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के सेवानिवृत्त कर्मचारी गण ने आज श्री सत्यपाल जैन, भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल और पीयू में सीनेट के मेंबर के निवास स्थान पर उनसे मुलाकात की तथा उनको बैसाखी की शुभ कामनाएं दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और सर्वविध कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की।

श्री सत्यपाल जैन ने सभी कर्मचारियों का दिल से स्वागत किया और अपने विचार भी सांझा किए। श्री सत्यपाल जैन पंजाब यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों की बातों को ध्यान से सुना तथा कहा कि वे हमेशा उनके साथ है।

आज जो रिटायर्ड कर्मचारी उनसे मिले उनमें प्रोफेसर वेद



प्रकाश उपाध्याय, श्री लाजपत राय, श्री प्रकाश शर्मा, श्री जसविंदर सिंह, श्री काशीनाथ पांडेय, श्री सुभाष चंद्र, श्री नन्द किशोर भसीन, श्री राम कृपाल यादव, श्री बहादुर सिंह और अन्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रपति सम्मानित प्रो. उपाध्याय जी द्वारा प्रणीत संस्कृत और हिन्दी व्याख्या सहित शुक्ल यजुवेर्दीया रुद्राष्टाध्यायी, विद्यारण्यभाष्य, संस्कृत हिन्दी और अंग्रेजी भाषा सहित सस्वर श्रीसूक्त तथा आदित्यस्तोत्र माननीय जैन जी को भेंट किए गए। श्री लाजपत राय ने कहा कि श्री सत्यपाल जैन पीयू के कर्मचारियों का हमेशा सहयोग करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### निदेशक मत्स्य पालन विभाग ने किया सुन्दरनगर में राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले का शुभारंभ

**खेमचंद शास्त्री**
मंडी:निदेशक मत्स्य पालन विभाग विवेक चंदेल ने शनिवार को सुन्दरनगर में राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला का शुभारंभ किया। उन्होंने शुकदेव वाटिका में विभिन्न देवी देवताओं की पूजा अर्चना की तथा शुकदेव वाटिका से जवाहर पार्क, सुन्दरनगर तक देवी देवताओं की भव्य शोभायात्रा में भी शामिल हुए। इसके पश्चात उन्होंने जवाहर पार्क सुन्दरनगर में मेले का ध्वज फहराकर राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला का विधिवत शुभारम्भ किया। उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला समिति गिरीश समरा ने मुख्यातिथि का स्वागत संबोधन किया तथा समस्त जनता को सुकेत देवता मेले की बधाई दी।इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए विवेक चन्देल ने कहा कि प्रदेश में आयोजित होने वाले मेलों की समृद्ध परम्परा में रियासतकाल से मनाए जा रहे सुकेत देवता मेला का प्रमुख स्थान है। शुकदेव ऋषि की तपोस्थली में आयोजित होने वाला यह मेला देव आस्था एवं परम्परा का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी ये अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मेले एवं त्यौहार अपने में अनूठे होते हैं और यह राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं। विवेक चंदेल ने कहा कि सुकेत देवता मेला सुकेत रियासत में प्राचीन काल से मनाया जा रहा है। सुकेत रियासत के विभिन्न देवी देवता इस मेले में शिरकत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस उत्सव की बहुमूल्य परम्पराओं को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए, क्योंकि यह एक राज्य के रूप में हमारी पहचान की पुष्टि करती हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्ष भर उत्सव एवं त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। संस्कृति और इसकी विरासत हमारी राष्ट्रीय पहचान को परिभाषित करने के साथ ही हमारे मूल्योंए आस्था और आकांक्षाओं को प्रर्दशित एवं आकार भी प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि मेले और त्यौहार लोगों में नव उर्जा का संचार करते हैं और हमें इनमें सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव जहां बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों को हिमाचल की विशिष्ट देव संस्कृति से रूबरू करवाएगा वहीं प्रदेश की आर्थिकी को भी संबल प्रदान करेगा। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की कि देवता मेले के दौरान आज भी पुरातन परम्पराओं का निर्वहन किया जा रहा है।

### कम मतदान प्रतिशतता वाले मतदान केंद्र 38-निचली बैहली में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को मतदाताओं को किया जागरूक

**सुभाग सचदेवा**
**गोहर:**मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप टीम नाचन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कम प्रतिशत वाले मतदान केद्रों में जाकर मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाईं जा सके। नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप ने बताया कि आज शनिवार को नाचन विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ 38-निचली बैहली मतदान केंद्र का दौरा किया इसमें कुल 7 वार्ड हैं इस केंद्र में कल 1163 वाटर रजिस्टर हैं । पोलिंग बूथ 38-निचली बैहली में शत प्रतिशतता मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वीप टीम द्वारा 38-निचली बैहली के मतदाताओं को आगामी एक 1 जून को निर्धारित लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने की अपील की तथा पिछले लोकसभा चुनावों जिन मतदान केंद्रों में 72प्रतिशत से कम मतदान हुआ था वहां मतदान केंद्रों में मत प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने पर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इन मतदान केद्रों में मत प्रतिशतता बढ़ाई जा सके। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने.अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो यदि किसी का वोट लिस्ट में नाम नहीं है तो वह बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरे। इस अवसर पर नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप, हेमराज और स्वीप टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### विधायक भुवनेश्वर गौड़ बने लाइफलाइन एनजीओ के मुख्य संरक्षक

**राज अग्रवाल**
**मनाली:** गत वर्ष आई आपदा के समय मनाली में फंसे सैंकड़ों लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के मकसद से बनाई गई लाइफलाइन एनजीओ के मुख्य संरक्षक की जिम्मेदारी मनाली विधानसभा विधायक भुवनेश्वर गौड़ को दी गई। एनजीओ द्वारा मनाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़ को मुख्य संरक्षक बनाने के साथ-साथ शहर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया गया और एनजीओ द्वारा मनाली में चलाए जा रहे अनेक कार्यों पर भी चर्चा की गई।

# जय भीम और जय भारत के जयघोष से गुंजायमान हुआ पूरा क्षेत्र

**जनचेतना रैली**

**8 भारत रत्न डॉ.आंबेडकर की जयंती पर निकाली विशाल जनचेतना रैली**
**राकेश आजाद**

**टीम एक्शन इंडिया/पीलीबंगा**
आधुनिक भारत के निमार्ता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जंयती के उपलक्ष्य पर शनिवार को पीलीबंगा मंडी में विशाल जनचेतना रैली निकाली गई।डॉक्टर अंबेडकर नवयुवक संघ की ओर से चेतना रैली का आयोजन किया गया।सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपनिरीक्षक सुश्री सुमन मय पुलिस जाब्ता मौजूद रही।



रैली के दौरान जय भीम,जय भारत,बाबा साहेब अमर रहे के नारों व जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा।

नीले झंडों और तिरंगे के साथ चेतना रैली संविधान चौक से शुरू हुई,जो नवीन मंडी यार्ड होते हुए परशुराम चौक,बाल्मीकि चौक, बैंक रोड़,तीन बत्ती चौक,रेलवे स्टेशन फोरलेन मार्ग,नेहरू धर्मशाला रोड़,तहबाजारी,सब्जी मंडी,राजकीय चिकित्सालय मार्ग, महाराणा प्रताप चौक,खरलियां रोड़,किसान चौक,भगत सिंह चौक सहित विभिन्न चौक और बाजार से होते हुए डॉक्टर आंबेडकर भवन पहुंची।

चेतना रैली का मंडी के विभिन्न चौक चौराहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चेतना रैली का विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के इंद्रजीत नांदीवाल,राजेंद्र सोनी जांगलवा,रोहित यादव सहित पदाधिकारियों,कार्यकताओं व विभिन्न समाज के लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया व रैली के लिए विभिन्न जगहों पर जलजीरे एवं जलपान की व्यवस्था की गई।

चेतना रैली के दौरान पैदल,मोटरसाइकिल,कार,जीप,ट्रैक टर ट्राली में सवार होकर हजारों लोगों ने भाग लेकर बाबा साहिब के बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया।इसमें लोग नीले रंग की पगड़ी पहन कर महिला व पुरुष हजारों की तादाद में पहुंचे,जो रैली के दौरान जय भीम के नारों व बौद्धित्सव के गानों के साथ नाचते नजर आए।वहीं मंडी सहित आस-पास के गांवों से सैंकड़ो की संख्या में लोग बाइक कार जीप लेकर चेतना रैली में शामिल हुए।सर्वसमाज के लोग जनचेतना रैली में शामिल हुए।बारिश होने के बावजूद इस रैली में सभी जन का जोश बरकरार रहा।चेतना रैली सुबह 11 बजे शुरू हुई और मंडी के विभिन्न मार्गो से होते हुए करीबन 3 बजे आंबेडकर भवन में संपन्न हुई।इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं।मुख्य अतिथि एवं डॉ.अंबेडकर नवयुवक संघ के पदाधिकारियों ने चेतना रैली को संबोधित करते हुए बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला।

# हनुमान जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
श्री हनुमान जन्मोत्सव पर अखण्ड रामायण पाठ, हवन, अभिषेक, फूल बंगला, छप्पन भोग व रसिया दंगल के कार्यक्रम होंगे। श्री रामलीला सभा के तत्वाधान में मसानी स्थित चित्रकूट पर दो दिवसीय हनुमान जन्म महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। 22 अप्रैल सोमवार को प्रातः आठ बजे रामायण पूजन के साथ अखण्ड रामायण पाठ प्रारम्भ होगा। 23 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 10 बजे हवन दोपहर 12 बजे पंचामृत अभिषेक एवं सायं पांच बजे फूल बंगला एवं छप्पन भोग में हनुमंत लाल के दिव्य दशर्न होंगे। इस अवसर पर रात्रि नौ बजे से विशाल रसिया दंगल



होगा। मुकाबला वृन्दावन के अखाड़ा बीधाबाबू एवं हतीशा, हाथरस के करण अखाड़ा के मध्य होगा।

रविकान्त गर्ग, दीनानाथ चौधरी, सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उपसभापति जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, प्रधानमंत्री मूलचन्द गर्ग, कोषाध्यक्ष शैलेष सरार्फ, आय व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, प्रमोद गर्ग कसेरे, राजकुमार अग्रवाल, सुभाशचन्द सिक्का, प्रचारमंत्री पं. शशांक पाठक, प्रदीप गोस्वामी, संजय, कृष्ण मुरारी, अनूप, नगेन्द्र मोहन मित्तल, राजनारायण गौड़, बांकेलाल, विनोद सरार्फ, शैलू हकीम, योगेश आवा, सर्वेश शर्मा सुरेन्द्र शर्मा, कुलदीप अग्रवाल, विजय बहादुर, पंकज अंगूठी, दिनेश अग्रवाल, विवेक सूतिया आदि ने श्रीहनुमान जन्मोत्सव के समस्त कायर्क्रमों में शामिल होने एवं रसिया दंगल का आनन्द लेने का अनुरोध किया है।

### नाबालिग युवती से कर दी अश्लील हरकत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
गोवर्धन के आसपास बाहर से अपने परिवार के साथ आई नाबालिग किशोरी को जबरदस्ती एक किशोर द्वारा पड़कर उसके साथ अश्लील हरकत करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

\ इस मामले को एक बार पंचायत में रफा दफा कर दिया गया। मामला सोशल मीडिया पर आने के बाद फिर से तूल पकड गया है। इस घटना को लेकर महिलाओं और बच्चियों में रोष व्याप्त है। थाना अध्यक्ष विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा किसानों की उपद्रवी और आतंकवादी कहती है इस पर नवीन जिंदल अपना स्टैंड स्पष्ट करें: डॉ. सुशील गुप्ता




**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने चुनावी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर नवीन जिंदल से जनता के सवाल पूछे। उनके साथ जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड़, डॉ. रजनीश जैन, गुरुदेव सूरा और हरप्रीत चीमा समेत आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता कुरुक्षेत्र लोकसभा में दिन रात मेहनत कर रहे हैं। हर गांव और शहर में इंडिया गठबंधन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, अब जनता परिवर्तन चाहती है। दूसरी तरफ भाजपा का हर गांव में विरोध हो रहा है, उनको गांव में प्रचार के लिए भी घुसने नहीं दिया जा रहा। लोग कह रहे हैं कि भाजपा हमें दिल्ली नहीं जाने दे रही और हम इनको गांव में नहीं आने देंगे। इस विरोध को देखते हुए भाजपा के प्रत्याशी चुनाव छोड़कर छुट्टियां मनाने चले गए हैं। क्या भाजपा के प्रत्याशी हार के डर से बचना चाहते हैं? भाजपा हमारे दो मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार करके चुनाव प्रचार से रोकना चाहती है और कांग्रेस के खाते सीज करके लेवल प्लेइंग फिल्ड नहीं देना चाहती।

उन्होंने कहा मैं नवीन जिंदल को चुनौती देता हूं कि वो स्पष्ट करे कि वो कहां पर है और यदि देश में है तो आकर मुझसे बहस करें, ताकि जनता को उनके और हमारे मकसद का पता चले। मैं नवीन जिंदल से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड का चंदा क्यों दिया और किस डर से दिया? एक तरफ भाजपा ने किसानों को कुचलने का काम किया और 750 से ज्यादा किसानों की शहादत ली। इसलिए नवीन जिंदल ने देश के अन्नदाता को कुचलने वाली पार्टी को ज्वाइन क्यों किया? प्रदेश में व्यापारियों पर गोलियां चलाकर फिरौती मांगी जा रही है।

व्यापारियों को संरक्षण न देने वाली पार्टी को नवीन जिंदल ने ज्वाइन क्यों किया? कुरुक्षेत्र की जनता जानना चाहती है कि प्रधानमंत्री मोदी ने नवीन जिंदल पर 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपए के कोयला चोरी का आरोप लगाया।

# सरकार की गलत नीतियों के कारण आढ़ती व किसान दुखी: गर्ग

**विरोधी फैसला**

**8 सरकार द्वारा गेहूं पर 10.99 रुपए व धान पर 9.19 रुपए आढ़त काम करना आढ़ती विरोधी फैसला है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने आढ़ती व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकार को सरसों व गेहूं खरीद व भुगतान के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं जबकि अनाज मंडियां सरसों से भरी हुई है। सरसों खरीद का उठान व भुगतान नहीं हो रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि समय पर सरसों व



गेहूं की खरीद व उठान ना होने से मंडियों के बाहर अनाज की भरी हुई ट्रालियों की लंबी लाईनें लगी हुई है।

जिसके कारण किसान,आढ़ती व मजदूरों को बड़ी भारी दिक्कतें आ रही है जबकि सरसों की सरकारी खरीद ना होने के कारण किसान मजबूरी में अपनी सरसों 4600 से 5000 रुपए प्रति क्विंटल तक बेच रहा है जबकि सरसों का एमएसपी 5650 रुपए प्रति क्विंटल है इसी प्रकार सरकारी खरीद एजेंसियां गेहूं खरीद में जानबूझकर लेट कर रही है। श्री गर्ग ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में आढ़ती, किसान व मजदूर बेहद दुखी है।

भाजपा राज में आढ़तियों को आढ़त नहीं मिलती है व किसानों को फसल के पूरे दाम नहीं मिलते हैं इसलिए आढ़ती व किसान बबार्दी के कगार पर है। बजरंग गर्ग ने कहा कि आढ़तियों को अनेकों सालों से 2.5 प्रतिशत आढ़त मिलती थी मगर इस सरकार ने सरसों, सूरजमुखी, नरमा, बाजरा, मूंग आदि सरकारी खरीद पर आढ़तियों की आढ़त खत्म कर दी है और सरकार ने गेहूं खरीद पर 10.99 रुपए व धान पर 9.19 पैसे आढ़त काम करना व्यापारी विरोधी फैसला है।

इस फैसले से हरियाणा के व्यापारियों में सरकार के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है।बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकारी अधिकारी व अनाज उठान के ठेकेदारों की लापरवाही के कारण अनाज उठान में देरी हो रही है। सरकार को अनाज खरीद, उठान व समय पर भुगतान के सभी दावे खोखले सिद्ध हुए हैं। यहां तक की सरकार की तरफ से मंडियों में सरसों व गेहूं खरीद के लिए कोई मूलभूत सुविधा तक नहीं है। मंडियों में सफाई व पानी तक की व्यवस्था नहीं है। मंडियों में सरकारी अधिकारियों के लापरवाही के कारण खरीद व उठान में देरी होने पर मंडियां अनाज से भरी हुई है।

# श्रीराम कथा में श्रीराम-जानकी विवाह का प्रसंग सुनकर अभिभूत हो गए श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 13 अप्रैल (महेंद्र गोयल)**
: श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा 127वें रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत करवाई जा रही संगीतमयी श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला जारी है। पावन श्रीराम कथा के चौथे दिन गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने रामनाम के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि लालसाओं के चलते इंसान तनाव, अवसाद व अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। ऐसी स्थिति में रामनाम की पुड़िया सभी रोगों को दूर करने की सबसे कारगर औषधि है। उन्होंने कहा कि शबरी का उद्धार भी रामनाम की पुड़िया से ही



हुआ। इसी भांति जिसने भी इस पुड़िया को अपनाया वह भवसागर से पार हो गया। उन्होंने श्रीराम कथा के दौरान श्रीराम-जानकी के विवाह का अदुभुत प्रसंग सुनाकर सभी को अभिभूत कर दिया।

डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने कहा कि ईश्वर ने सांसे दी हैं न जाने कब वापस ले ले। हम तो इस संसार में किरायेदार हैं न जाने कब यह जगह खाली करनी पड़ जाए। इसलिए समय रहते रामनाम में मन लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भगवान को अपना मानने लगोगे तो अकेले नहीं रहोगे। हम सांसारिक रिश्तों को अपना मानते हैं लेकिन सभी रिश्ते स्वार्थ भरे हैं। सच्चा साथी केवल परमात्मा है। इसलिए उसका संग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हे इंसान यदि तू आराम चाहता है तो आ राम की तरफ, बंधन में फंसना चाहता है तो जा दाम की तरफ। श्रीराम की शरण में जाने से ही सभी समस्याओं से निजात मिलेगी।

इस दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी. आर. कंबोज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह, डॉ. विनोद मित्तल, उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी, राजेंद्र बंसल नेताजी, दिनेश जैन, रामनिवास परसा, प्रवीन बंसल, वीरभान बंसल व राजेंद्र लोहिया विशेष रूप से मौजूद रहे। इसी भांति साधुराम बंसल, विनोद घड़ी वाले, राधेश्याम आर्य, दीपक गौत्तम, विराट अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, हितेश बंसल, सजन गुप्ता, अनूप बिंदल, दिनेश डाबड़ा, विनोद कंसल, हरीश गोयल, डॉ. सुभाष शर्मा, सोहनलाल सिंगला, राजेंद्र मित्तल व जनक गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा तो सुचारू ढंग से चल ही रही है। इसके साथ-साथ 17 अप्रैल को आयोजित होने वाली भव्य रामनवमी शोभा यात्रा की तैयारियां भी चल रही हैं।

# निचली बैहली में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को मतदाताओं को किया जागरूक

**सुभाग सचदेवा**
**गोहर**:मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप टीम नाचन द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कम प्रतिशत वाले मतदान केद्रों में जाकर मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाईं जा सके। नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप ने बताया कि आज शनिवार को नाचन विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ 38-निचली बैहली मतदान केंद्र का दौरा किया इसमें कुल 7 वार्ड हैं इस केंद्र में कल 1163 वाटर रजिस्टर हैं । पोलिंग बूथ 38-निचली बैहली में शत प्रतिशतता मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वीप टीम द्वारा 38-निचली बैहली के मतदाताओं को आगामी एक 1 जून को निर्धारित लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने की अपील की तथा पिछले लोकसभा चुनावों जिन मतदान केंद्रों में 72प्रतिशत से कम मतदान हुआ था वहां मतदान केंद्रों में मत प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने पर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इन मतदान केद्रों में मत प्रतिशतता बढ़ाई जा सके। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने.अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो यदि किसी का वोट लिस्ट में नाम नहीं है तो वह बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरे। इस अवसर पर नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप, हेमराज और स्वीप टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 14 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## यातायात पुलिस ने 85 बसों के काटे चालान

**फरीदाबादः** एसीपी ट्रैफिक के नेतृत्व और आरटीए की सहायता से यातायात व्यवस्था सुधार सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अंतर्गत के चेकिंग अभियान में दो दिनों में यातायत नियमों का उल्लंघन करने वाले 152 स्कूल बस चालकों के चालान किए गए और 22 बसों को इंपाउंड किया गया। शनिवार को पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल बसों की लगातार चेकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस उपायुक्त के अनुसार दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करना अति आवश्यक है।यातायात पुलिस रोजाना चौक-चौराहों पर ऐसी बसों को रोककर चालान कर रही है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा शुक्रवार को 85 बसों के चालान किए गए और 17 बऐं इंपाउंड की गईं। शनिवार को 67 बसों के चालान किए गए और 5 बसें इंपाउंड की गईं।

## अवकाश के दिन खोला स्कूल तो होगी मान्यता रद्द

**फरीदाबादः ईद की** छुट्टी के दिन महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए निजी बस स्कूल हादसे को देखते हुए जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है। शनिवार को उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी कर दी गयी है।

इस नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी सूचना दी जा सकती है। शनिवार को जारी प्रेस बयान में उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि सरकारी छुट्टी के दिन कोई निजी स्कूल अगर खुला तो उसकी मान्यता रद की जाएगी। ईद की छुट्टी के दिन स्कूल खोलने वाले स्कूल संचालकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही स्कूल बसों से संबंधित अगर कोई समस्या है, तो भी वह इस नंबर पर अपनी शिकायत कर सकते हैं। उपायुक्त के आदेश अनुसार सभी प्राइवेट (अराजकीय) विद्यालयों द्वारा राजपत्रित अवकाश के दौरान विद्यालय खोलने एवं प्राइवेट विद्यालय संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन (बसों इत्यादि) के नियमानुसार संचालन नहीं करने की शिकायतों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी कर दी गयी है। अगर कोई स्कूल आदेश की अवमानना करता है, तो कोई भी अभिभावक हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी विद्यालयों को अवकाश के बारे में अवगत करवाना सुनिश्चित करें और अवकाश के दिन निरीक्षण करें कि कोई विद्यालय खुला हुआ न हो। कोई विद्यालय खुला मिलता है तो उसे बंद करवाकर उसके खिलाफ तुरंत आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें और नियमों के तहत प्रत्येक बस संचालन के जो 14 नियम है उसकी पूरी पालना हो।

# दंगा करने वाले जेल में है: सीएम पुष्कर सिंह

**पिछले 22 सालों के बराबर हमने ढ़ाई सालों में नौकरी दी है : धामी. प्रधानमंत्री यूसीसी लागू की बात करते हैं, कांग्रेस मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू करने के पक्षधर, उपद्रव के लिए उत्तराखण्ड में कोई जगह नहीं, दंगा करने वाले जेल में है**

मान-सम्मान

धामी ने कहा, "प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 साल में भारत का मान-सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून/बागेश्वर/गरुड़ः** मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को कहा, "प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 साल में भारत का मान-सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। उन्होंने नया भारत बनाने का काम किया है। प्रदेश में पिछले 22 सालों में जितनी नौकरी दी गई, उतनी नौकरी हमने पिछले ढ़ाई सालों में दी है। आज गरीब माता-पिता को अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। जिनमें योग्यता होगी, उनको नौकरी मिलेगी। ये सब आपके एक वोट की ताकत है।"

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गरुड़ (बागेश्वर) में आज चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी के प्रणाम को लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार अजय टम्टा के समर्थन में रोड-शो किया। इस मौके पर मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद जनसभा स्थल पहुंचे और स्थानीय जनता और कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री धामी ने जनसभा में आए हुए आप सभी लोगों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि आप लोगों ने जिस गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, उसी तरह मैं अपने और प्रधानमंत्री की ओर से आपको दोनों हाथ जोड़कर सभी को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में बड़े स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है। मोदी की वजह से हमें विश्व शक्ति के रूप में जाना जाने लगा है। उनके विजन का ही परिणाम है कि आज हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने हर वर्ग के लिए काम किया है। मोदी की गारंटी से लोगों के जीवन में खुशहाली आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति का आशीर्वाद देखकर मैं निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि गरुड़ क्षेत्र इस बार लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ने वाला है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मातृशक्ति और युवाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने अपने प्रतिनिधि के रूप में अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया है,जिन्हें आप सभी को मिलकर विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि मोदी ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त कर दी। आज कश्मीर में सुख-शांति है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हमारी सेना दुश्मन के घर में घुसकर मुंह तोड़ जवाब देती है। उनके नेतृत्व में सेना को हर तरह से सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है।



### मोदी ने वन रैंक, वन पेंशन लागू कर सैनिकों की पुरानी मांग को पूरा किया: धामी

**मोदी** ने वन रैंक, वन पेंशन लागू कर सैनिकों की पुरानी मांग को पूरा किया। आज देहरादून में सैन्य धाम बनाया जा रहा है। जिसे प्रधानमंत्री ने पांचवें धाम की संज्ञा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने हमारी सरकार बनाई और दोबारा सरकार बनाने का अवसर देकर एक मिथक को तोड़ा है। हमने आपसे किए गए वादे के अनुरूप यूसीसी कानून बनाया, जिसे राष्ट्रपति ने भी स्वीकृति दे दी है। एक तरफ प्रधानमंत्री कहते हैं कि पूरे देश में यूसीसी लागू होना चाहिए वहीं कांग्रेस की सोच है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में उपद्रव के लिए कोई जगह नहीं है,ये शांत प्रदेश है। उपद्रव करने वालों पर पुलिस ने सख्ती से काम किया, आज सभी दंगा करने वाले जेल में है। जो दंगा करेगा, उसकी भरपाई भी उसी से होगी। हमने अतिक्रमण हटाया और कांग्रेस इसका भी विरोध कर रही है। हमने गरीबों को हटाने के लिए अतिक्रमण नहीं हटाया। अतिक्रमण वहां से हटाया गया हैं जहां किसी ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर पीली, हरी, नीली चादर चढ़ा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार करने के लिए तड़प रही है। कांग्रेस शरिया कानून लागू करने की बात कर रही है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है और चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं। हमें उत्तराखण्ड की पांचों सीटों पर कमल खिलाना है। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## मोदी की गारंटी पर जनता का पूरा भरोसाः डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक

वोट की अपील

140 करोड़ देशवासियों को फ्री में वैक्सीन लगवाई है तथा गरीबों को आज भी फ्री राशन दे रहे हैं



टीम एक्शन इंडिया

**उत्तरकाशीः** पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड और निवर्तमान सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल "निशंक" ने बड़कोट को अपनी कर्म भूमि बताया। वे शनिवार को बड़कोट में माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। इससे पूर्व बड़कोट पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डा. निशंक का कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। डॉ. निशंक ने कहा कि उत्तराखण्ड की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और वो इन चुनावों में पांच की पांच सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री के संकल्प "अबकी बार 400 पार" को साकार करने जा रही है। उन्होंने कहा है कि बड़कोट मेरी कर्म भूमि रही है और बड़कोट क्षेत्र से मुझे बड़ा आशीर्वाद मिला है यहां के लोगों का मुझे जो स्नेह मिला है वह आगे भी मिलता रहे यही आशा करता हूं। उन्होंने केंद्र की योजनाओं को गिनाते हुए कहा की पहली बार मोदी जी ने गरीब की चिंता की है। प्रधानमंत्री मोदी प्रत्येक गरीब की चिंता कर रहे हैं।

उन्होंने कोरोना काल में देश को सुरक्षित रखने के लिए पूरी ताकत के साथ कम और 140 करोड़ देशवासियों को फ्री में वैक्सीन लगवाई है तथा गरीबों को आज भी फ्री राशन दे रहे हैं। जिनके पास आवास नहीं था उन्हें आवास दिया, फ्री शौचालय, फ्री गैस कनेक्शन दिया और यदि किसी की तबीयत खराब होती है तो उसके लिए 5 लाख तक फ्री इलाज की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बनने के बाद ही संभव हो पाया है कि 500 साल बाद और कई लोगों की कुबार्नी के बाद आज राम मंदिर बन पाया है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर विपक्षी पार्टियां लोगों को डराने का काम करती थी, लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाई तो जम्मू कश्मीर में आज लोग शांति से रह रहे हैं।

## टीकमगढ़: कांग्रेस में भगदड़ बरकरार

**टीकमगढ़ः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विश्वगुरू बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

भारत को वैश्विक मंच पर पहले नंबर पर लाने के लिए सभी की भागीदारी की आवश्यकता है, इसलिए चाहे युवाओं का साथ हो या फिर महिला शक्ति का सभी के साथ की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास और सबके प्रयास के मूल मंत्र को लेकर भारत को 2047 तक दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

## सिख गुरुओं का योगदान नई ऊर्जा का संचार करता है: योगी



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गुरुद्वारा नाका हिण्डोला में खालसा सृजन दिवस पर प्रदेशवासियों को बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा हम सभी के लिए बैसाखी का यह पावन पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने गुरुद्वारा पहुंचकर सर्वप्रथम श्री गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन सन् 1699 में गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु महाराज की कृपा से खालसा पंथ दुनिया में धर्म की ध्वजा पताका को बिना रुके बिना डिगे व बिना झुके बड़े गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश और धर्म की सुरक्षा खतरे में पड़ी तो गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने जाति, वर्ग के भेदभाव से परे एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता का अनुभव किया जो संपूर्ण समाज को सुरक्षा व संरक्षण प्रदान कर सके। तत्कालीन कुरीतियों का सामना करते हुए यह दुरुह कार्य संपन्न करना था। यही खालसा पंथ की स्थापना का आधार बना। खालसा पंथ का स्थापना दिवस संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय बना। गुरु गोबिन्द सिंह एवं अन्य सिख गुरुओं ने देश और धर्म की रक्षा के लिए जो योगदान दिया वह न केवल उस समय के लिए बल्कि वर्तमान परिस्थितियों और भविष्य के लिए प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है। गुरु गोबिन्द सिंह के चारों पुत्र देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान हो गए।

प्रेरणास्त्रोत

बैसाखी का यह पावन पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत

## जेल में बंद व पुलिस हिरासत में व्यक्ति नहीं डाल सकेगा वोट

**चंडीगढ़ः लोकसभा** चुनावों का आगाज हो चुका है। राजनीतिक दल चुनावी तैयारियों में जुटे हैं और मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। अहम पहलू यह है कि प्रदेश की जेलों में बंद 20 हजार कैदी वोट नहीं डाल सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश पीएस नरसिम्हा और न्यायाधीश जेबी पादरीवाला की खंडपीठ वर्ष 2023 में कैदियों को वोट डालने की जनहित याचिका को खारिज कर चुकी है। दरअसल, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की मौजूदा धारा 62(5) को चुनौती दी गई थी।

## बोरवेल में गिरे मासूम को बचाने के लिए 17 घंटे से रेस्क्यू जारी

टीम एक्शन इंडिया

**रीवाः** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में शुक्रवार शाम को बोरवेल के 60 फीट गहरे गड्ढे में गिरे छह वर्षीय मासूम को 17 घंटे से चल रही कड़ी मशक्क्तत के बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका है। एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की पूरी टीम लगी हुई है, लेकिन अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिली है। चार पोकलेन और आठ जेसीबी की मदद से बोरवेल के समानांतर खुदाई की जा रही है। रीवी कलेक्टर-एसपी समेत आला अधिकारी रात भर मौके पर मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, रीवा जिले में जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत मनिका गांव में स्थानीय निवासी विजय कुमार आदिवासी का छह साल का बेटा मयंक आदिवासी शुक्रवार शाम चार बजे अपने घर के पास खेत में दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान मयंक अचानक बोरवेल के गड्ढे में गिर गया। परिजनों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही त्योंथर एसडीम संजय जैन तत्काल रेस्क्यू दल एवं पुलिस बल के साथ घटना स्तर पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य जारी शुरू कराया। शाम को रीवा से एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। बच्चा बोरवेल के गड्ढे में 60 फीट गहराई में फंसा हुआ है। उसे बचाने के लिए 17 घंटे से रेस्क्यू चल रहा है। एसडीम संजय जैन ने बताया कि बोरवेल लगभग 160 फीट गहरा है, इसमें दो ओर से पोकलेन मशीन द्वारा खुदाई लगातार की जा रही है। बच्चे को लगातार ऑक्सीजन दी जा रही है।





राहत कार्य

60 फीट गहरे गड्ढे में गिरे मासूम को 17 घंटे से चल रही कड़ी मशक्क्तत के बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका है

## नकुलनाथ के लिए चुनाव इवेंट है: अनुराग

टीम एक्शन इंडिया

**पांढुर्णाः** केन्द्रीय खेल सूचना प्रसारण मंत्रालय के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नकुलनाथ छिंदवाड़ा की जनता के भरोसे को हवा में उड़ाकर एंज्वाय करते हैं। नकुलनाथ के लिए चुनाव एक इवेंट है और छिंदवाड़ा उनका पसंदीदा पिकनिक स्पॉट है। इस बार जनता उन्हें एंजॉय करने के लिए सभी पदों और जिम्मेदारी से मुक्त कर देगी। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि इस बार नकुलनाथ हिट विकेट या क्लीन बोल्ड होंगे। अनुराग ठाकुर ने शनिवार को पांढुर्णा में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अगस्त 2023 में 24 घंटे में ही पांढुर्णा को नया जिला बनाने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया था। पांढुर्णा को छिंदवाड़ा से अलग करके प्रदेश का 54वां जिला बनाया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 24 सितंबर को 314 करोड़ रुपये की लागत से जामसांवली हनुमान मंदिर के हनुमान लोक के निर्माण का शिलान्यास किया था, जो शीघ्र पूरा हो जायेगा।



## दलों की चुनावी वैतरणी को पार लगाएंगे 'नारे'

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊः** आंदोलन हो या चुनाव। सभी में नारों की भूमिका अहम मानी जाती है। भारत में बिना नारों के तो शायद ही कोई चुनाव होते हैं। शक्तिशाली नारे, चुनाव जिता भी सकते हैं और कमजोर और निष्प्रभावी होने पर चुनाव हरवा भी देते हैं। दरअसल, नारे कोरे नारे नहीं होते। ये जनमानस पर गहरा असर छोड़ते हैं। हर चुनावी मौसम में राजनीतिक दल नारे गढ़ते हैं। दशकों पुराने नारे भी सामयिक लग रहे हैं। हाल फिलहाल नारों, कैंपेन के मामले में भाजपा सबसे आगे रही है। 2014 के आम चुनाव में भाजपा के 'अच्छे दिन आने वाले हैं' नारे ने लोगों को काफी प्रभावित किया।

## लोकसभा चुनाव भविष्य के भारत को बनाने का चुनाव : सुनील बंसल

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसीः** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल शनिवार को पार्टी के युवा विस्तारकों की कार्यशाला में अलग रूप में दिखे। पार्टी के युवा कार्यकताओं के अंदर जोश भरते हुए सुनील बंसल ने कहा कि इन दिनों दो नारे हर जगह सुनने को मिलते हैं। एक अबकि बार चार सौ पार और दूसरा फिर से एक बार मोदी सरकार। पूरा जनमानस मन बना चुका है कि इस बार मोदी को चार सौ सीटें जिताकर भेजना है।



इसको लेकर किसी के मन में कोई संदेह नहीं है। रोहनिया स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने युवा विस्तारकों से कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी के लिए प्रचार करने का मौका मिला है। आगामी 10-20 साल बाद जब आप लोग अपनी नई पीढ़ी से चर्चा करेंगे तो आप भी बता सकते हैं कि हमने कैसे प्रधानमंत्री मोदी के लिए कार्य किया था। भविष्य में बताने के लिए आपके पास बहुत सी कहानियां इस चुनाव में रहेंगी।

## बोरवेल में गिरे बच्चे के रेस्क्यू को लेकर सीएम ने दिए निर्देश

टीम एक्शन इंडिया

**भोपालः** रीवा में बोरवेल में गिरे 6 साल के मयंक के रेस्क्यू को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। उन्होंने बच्चे के रेस्क्यू को लेकर निर्देश दिए हैं। वहीं उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल घटना स्थल पर पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि रीवा जिले के मनिका गांव में मासूम बच्चे के बोरवेल में गिरने का समाचार दुःखद है। एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीम बच्चे को सकुशल बाहर निकालने के लिए प्रयासरत है। मैं भी लगातार स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूँ। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मासूम को सकुशल बाहर निकालने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मयंक को सुरक्षित निकालने के लिए प्रशासन पूरी ताकत के साथ प्रयास कर रहा है। वह शीघ्र सुरक्षित बाहर निकल आए, यही हम सबकी प्रार्थना है... उन्होंने कहा कि हमने रेस्क्यू के लिए वहां टीम लगाई हुई है।

**इंतजार** रदोई संसदीय क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी के नाम का ऐलान होने का इंतजार सभी राजनीतिक दल कर रहे हैं

## चुनावी बिसात: हरदोई में हाथी की चाल से प्रभावित हो सकते हैं लोकसभा चुनाव

टीम एक्शन इंडिया

**हरदोईः** हरदोई सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद जय प्रकाश रावत पर दांव लगाया है तो वहीं समाजवादी पार्टी की 2019 में पराजित हुईं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा को एक बार पुनः मैदान में उतारा है। सपा भाजपा के आमने सामने मुकाबले का गणित बदलने के लिए बसपा उम्मीदवार की घोषणा का मतदाता इंतजार कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो बसपा उम्मीदवार घोषित होने पर चुनावी समीकरण प्रभावित होंगे। ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में भले ही बहुजन समाज पार्टी को प्रदेश में सिर्फ एक सीट पर जीत मिली हो, लेकिन परिणाम पर फर्क डालने की स्थिति में बसपा आज भी है। यही वजह है कि हरदोई संसदीय क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी के नाम का ऐलान होने का इंतजार सभी राजनीतिक दल कर रहे हैं। किसी के लिए सकारात्मक तो किसी के लिए नकारात्मक प्रभाव बसपा प्रत्याशी का होगा, लेकिन बसपा की चुनाव में मौजूदगी अहम तो रहेगी ही। यूं तो अब तक हुए लोकसभा चुनाव में हरदोई लोकसभा क्षेत्र से बसपा को कभी कामयाबी नहीं मिली, लेकिन कई बार बसपा प्रत्याशी दूसरा स्थान हाासिल करने में कामयाब रहे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। इस गठबंधन के चलते हरदोई सीट सपा के कोटे में चली गई थी और बसपा का प्रत्याशी यहां मैदान में नहीं उतरा था। साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में जीत भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे अंशुल वर्मा को मिली थी, लेकिन तब दूसरा स्थान बसपा के शिव प्रसाद वर्मा को मिला था। अंशुल वर्मा को 3,60,501 वोट मिले थे, जबकि शिव प्रसाद वर्मा को 2,79,158 वोट हासिल हुए थे।



तत्कालीन सांसद ऊषा वर्मा उस चुनाव में 2,76,543 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रही थीं। अब होने वाले लोकसभा चुनावों में अकेले ही मैदान में उतरने का संकेत बसपा प्रमुख मायावती दे चुकी हैं। ऐसे में सबकी निगाहें बसपा प्रत्याशी पर लगी हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मेवाराम वर्मा समेत कई पूर्व पदाधिकारी टिकट के दावेदार हैं। दूसरे दलों के लोगों से भी बसपा नेताओं की बात चल रही है। पूरे मामले पर बसपा जिलाध्यक्ष रणधीर बहादुर कहते हैं कि बसपा के कार्यकर्ता अनुशासित हैं। पार्टी की मुखिया मायावती जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेंगी उसे सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर चुनाव लड़ाएंगे। उनका दावा है कि टिकट के दावेदारों की लंबी लाइन है। पार्टी नेतृत्व के निदेर्शों का पालन किया जाएगा।